रजिस्ट्री सं. डी.—(डी एल)—73 REGISTERED NO. D—(DN)—73

CENTRAL 21 JAN 1983

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 41] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 9, 1982 (आश्विन 17, 1904)
No. 41] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 9, 1982 (ASVINA 17, 1904)

**इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके**

**(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)**

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और साधारण आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं | 641 |
| भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 1327 |
| भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और साधारण आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं | — |
| भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 1313 |
| भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम | |
| भाग II—खंड 1—क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ | |
| भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के विनि तथा रिपोर्ट | |
| भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) | 2189 |
| भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं | 3313 |
| भाग II—खंड 3—उप-खंड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं) | 305 |
| भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश | 323 |
| भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय महालेखा परीक्षक संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं | 13617 |
| भाग III—खंड 2—पेटेन्ट कार्यालय, चेन्नई द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस | 585 |
| भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं | 211 |
| भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं | 2493 |
| भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस | 225 |
| भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी बोलों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक | * |


*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

# CONTENTS


| | PAGE |
|---|---|
| PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolution and Nos. Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) .. | 641 |
| PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) .. .. .. | 1327 |
| PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence .. .. | — |
| PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence .. .. .. .. .. | 1313 |
| PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations .. .. .. .. .. | * |
| PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations .. .. .. .. | * |
| PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills .. .. | * |
| PART II SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. | 2189 |
| PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. | 3313 |
| PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories) .. .. | 305 |
| PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .. | 323 |
| PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India .. .. .. | 13617 |
| PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta .. | 565 |
| PART III.—SECTION—3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners .. .. .. .. .. | 211 |
| PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies .. .. .. .. .. | 249 |
| PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies .. .. | 225 |
| PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi .. | * |


* Folio No. not received.

# भाग I—खण्ड 1

# PART I—SECTION 1

## (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बंधित अधिसूचनाएं

## [Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

शुद्धि-पत्र

नई दिल्ली, दिनांक 15 सितम्बर 1982

क्रमांक 14/11/78-सी० टी० ई०—सर्व साधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि डा० आई० बी० गुलाटी, निदेशक भारतीय पैट्रोलियम संस्थान, देहरादून, को डा० जी० व्यागराजन, निदेशक, क्षेत्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला, हैदराबाद, के स्थान पर अध्यक्ष, समन्वय परिषद् रसायन विज्ञान दल के रूप में दिनांक 1-10-1982 से 30-9-1984 तक नियुक्त किया गया है। परिणामस्वरूप डा० व्यागराजन का नाम और पद जो अधिसूचना सं० 1/4/82-सी० टी०ई० दिनांक 1 जुलाई, 1982 के क्रमांक 6 पृष्ठ 4 पर अंकित है और भारत सरकार के राजपत्र के भाग-I—अनुभाग-1 में प्रकाशित किया गया था, के स्थान पर डा० आई० बी० गुलाटी निदेशक, भारतीय पैट्रोलियम संस्थान, देहरादून का माना जाए।

जी० एस० सिद्धू
सचिव, भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
सी०एस० आई० आर० के कार्यों के लिए

तथा

महानिदेशक
वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान
परिषद्, नई दिल्ली।

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक सितम्बर, 1982

संकल्प

सं० ई० 11017/3/80-रा० भा० कार्यान्वयन—स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के 12 अप्रैल, 1978 के संकल्प संख्या ई०-11018/1/77-रा० भा० कार्यान्वयन का अधिक्रमण करते हुए, भारत सरकार ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति का पुनर्गठन करने का निश्चय किया है। इस समिति का गठन और कार्य इस प्रकार होंगे :—

1. गठन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री | अध्यक्ष |
| 2. | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण उप मंत्री | उपाध्यक्ष |
| 3. | सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | सदस्य |
| 4. | सचिव, राजभाषा विभाग और हिन्दी सलाहकार | सदस्य |
| 5. | अपर सचिव (स्वास्थ्य) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | सदस्य |
| 6. | अपर सचिव और आयुक्त (प.क.) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | सदस्य |
| 7. | संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय | सदस्य |
| 8. | स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक, नई दिल्ली | सदस्य |
| 9. | श्रीमती बी० राधाबाई आनन्द राव, सदस्य, लोक सभा | सदस्य |
| 10. | श्री एच० के० गंगवार, सदस्य, लोक सभा | सदस्य |
| 11. | श्री इन्द्रदीप सिन्हा, सदस्य, राज्य सभा | सदस्य |
| 12 | श्री जगन्नाथ राव, जोशी, सदस्य, राज्य सभा | सदस्य |
| 13. | संसदीय कार्य विभाग द्वारा नामित राज्य सभा सदस्य | सदस्य |
| 14. | संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नामित संसद सदस्य | सदस्य |
| 15. | श्री प्रभात शास्त्री, प्रधान मंत्री, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग | सदस्य |
| 16. | श्री वे० राधाकृष्णा मूर्ति, प्रधान सचिव, दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, त्यागराय नगर, मद्रास-600017 | |
| 17. | अध्यक्ष, केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद्, एक्स बाई-68, सरोजनी नगर, नई दिल्ली | सदस्य |
| 18. | डा० मलिक मोहम्मद, अध्यक्ष, नागरी लिपि परिषद्, गांधी स्मारक निधि, राजघाट, नई दिल्ली-110002 | सदस्य |
| 19. | अध्यक्ष, भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद्, नई दिल्ली | सदस्य |
| 20. | निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली | सदस्य |
| 21. | निदेशक, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, चण्डीगढ़ | सदस्य |
| 22. | डा० सुरेन्द्र नाथ गुप्ता, 52/1, ईस्ट कैनाल रोड, देहरादून (उ० प्र०) | सदस्य |
| 23. | डा० देव नारायण पाण्डेय, प्राध्यापक, पशु पालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान, कृषि संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी | सदस्य |

24. श्री हरिशंकर,
संपादक, "हिन्दी शिक्षक", 125 गिरगांव रोड,
बम्बई 400004

25. संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सदस्य-सचिव

2. कार्य :

इस समिति का कार्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और उसके संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों में सरकार काम-काज के लिए हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग एवं केन्द्रीय हिन्दी समिति और राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित नीतियों से संबंधित मामलों में सलाह देना होगा ।

3. कार्यकाल :

समिति का कार्यकाल, निम्नलिखित व्यवस्था के साथ उसके गठन की तारीख से तीन वर्ष का होगा ।

1. समिति में नामजद कोई सदस्य जैसे ही संसद सदस्य नहीं रहेगा उसी समय से वह इस समिति का सदस्य भी नहीं रहेगा।
2. कार्यकाल के बीच में रिक्त हुआ स्थान उसके पद पर आने वाले अधिकारी से भरा जायेगा और वह अधिकारी 3 वर्ष की अवधि के बाकी समय के लिये सदस्य रहेगा।

4. सामान्य :

1. समिति आवश्यकता समझने पर अतिरिक्त सदस्यों को सहयोजित कर सकेगी और अपनी बैठकों में भाग लेने के लिये विशेषज्ञों से आमंत्रित कर सकेगी अथवा उप-समितियां नियुक्त कर सकेगी ।"
2. समिति का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में होगा लेकिन समिति अपनी बैठकें किसी अन्य नगर में भी कर सकती है।

5. यात्रा व अन्य भत्ते :

समिति और इस समिति की उप-समिति, यदि कोई हो, की बैठकों में उपस्थित होने के लिये गैर-सरकारी सदस्यों को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों पर यात्रा और दैनिक भत्ते दिये जायेंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों, प्रधान मंत्री का कार्यालय, मंत्री मंडल सचिवालय संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियन्त्रक और महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

(रामकिशोर सिंघल संयुक्त सचिव

कृषि मंत्रालय

(कृषि और सहकारिता विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 सितम्बर 1982

संकल्प

सं०–18–1/82–०मीए5-भारत सरकार ने दिनांक 28 दिसम्बर, 1978 के संकल्प संख्या 50(1)/78-सी० ए०-1 द्वारा गठित भारतीय चावल विकास परिषद का तत्काल से पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। पुनर्गठित परिषद का निम्नलिखित रूप में गठन किया जायेगा :—

1. अध्यक्ष—एक गैर सरकारी व्यक्ति, जो भारत सरकार द्वारा नामजद किया जाएगा।
2. उपाध्यक्ष—कृषि आयुक्त, कृषि मंत्रालय (कृषि और सहकारिता विभाग), नई दिल्ली ।
3. सदस्य सचिव—निदेशक चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार, पटना ।
4. सदस्य :—

(क) संसद सदस्य : तीन संसद सदस्य (दो लोक सभा से तथा एक राज्य सभा से) जो संसदीय कार्य विभाग द्वारा नामजद किए जायेंगे ।

(ख) राज्य सरकारों के प्रतिनिधि :

निम्न राज्य सरकारों के कृषि विभाग का एक प्रतिनिधि जिसे सम्बन्धित राज्य सरकार नामजद करेगी :

1. आन्ध्र प्रदेश
2. असम
3. बिहार
4. हरियाणा
5. जम्मू व कश्मीर
6. कर्नाटक
7. केरल
8. मध्य प्रदेश
9. महाराष्ट्र
10. उड़ीसा
11. पंजाब
12. उत्तर प्रदेश
13. तमिलनाडु
14. पश्चिम बंगाल

(ग) केन्द्रीय सरकार के प्रतिनिधि

1. विस्तार आयुक्त, कृषि मंत्रालय, कृषि और सहकारिता विभाग या उनका नामजद व्यक्ति।
2. संयुक्त आयुक्त (खाद्य फसलें), कृषि मंत्रालय, कृषि और सहकारिता विभाग।

3. महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली या उनका नामजद व्यक्ति ।

4. योजना आयोग का एक प्रतिनिधि ।

5. खाद्य विभाग, कृषि मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

6. अर्थ और सांख्यिकी सलाहकार, अर्थ और सांख्यिकी निदेशालय, नई दिल्ली या उनका प्रतिनिधि ।

7. कृषि विपणन सलाहकार, निर्माण विकास मंत्रालय, या उनका प्रतिनिधि ।

8. निदेशक, केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक ।

9. परियोजना निदेशक, अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार परियोजना, हैदराबाद ।

10. नागरिक आपूर्ति मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

(घ) उत्पादकों के प्रतिनिधि

चावल पैदा करने वाले निम्नलिखित प्रमुख राज्यों से उत्पादकों के चौदह प्रतिनिधि जिन्हें सम्बद्ध राज्य सरकारें नामजद करेंगी :—

| | |
|---|---|
| 1. आन्ध्र प्रदेश | एक प्रतिनिधि |
| 2. असम | —तदैव— |
| 3. बिहार | —तदैव— |
| 4. हरियाणा | —तदैव— |
| 5. जम्मू व कश्मीर | —तदैव— |
| 6. कर्नाटक | —तदैव— |
| 7. केरल | —तदैव— |
| 8. महाराष्ट्र | —तदैव— |
| 9. मध्य प्रदेश | —तदैव— |
| 10. उड़ीसा | —तदैव— |
| 11. पंजाब | —तदैव— |
| 12. उत्तर प्रदेश | —तदैव— |
| 13. तमिलनाडु | —तदैव— |
| 14. पश्चिम बंगाल | —तदैव— |

(ङ) कर्मचारियों के प्रतिनिधि :

| | |
|---|---|
| 1. फार्मों में काम करने वाले कर्मचारी | एक |
| 2. फैक्टरियों में काम करने वाले कर्मचारी | एक |

(च) राइस मिलर्स एसोशिएशन का एक प्रतिनिधि ।

(छ) ऐसे अधिक से अधिक चार और व्यक्ति जिन्हें भारत सरकार इस फसल के विकास में उनके योगदान को दृष्टिगत रखते हुए समय-समय पर नामजद करे ।

5. पर्यवेक्षक :

ओकि परिषद के सदस्य नहीं होंगे, किन्तु जिन्हें परिषद के विचार-विमर्श में सहयोग देने के लिये आमंत्रित किया जायेगा ।

1. कृषि मूल्य आयोग, नई दिल्ली का एक प्रतिनिधि ।

2. वित्तीय सलाहकार, कृषि मंत्रालय, कृषि और सहकारिता विभाग, नई दिल्ली ।

3. अध्यक्ष राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, नई दिल्ली या उनका नामजद व्यक्ति ।

2. परिषद एक सलाहकार निकाय होगा, जो निम्नलिखित कार्य करेगा :—

(1) केन्द्रीय और राज्य क्षेत्रों में चावल के विकास कार्यक्रमों पर विचार करना । समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा करना तथा चावल का उत्पादन बढ़ाने के लिये उपाय सुझाना ।

(2) चावल के उत्पादन तथा विपणन और चावल के उत्पादकों को लाभप्रद मूल्य दिलाने से संबंधित समस्याओं पर विचार करना तथा इन मामलों के संबंध में सरकार को सलाह देना ।

(3) देशीय तथा निर्यात मंडियों में चावल की मांग पर विचार करना तथा तदनुसार चावल के उत्पादन कार्यक्रमों में आवश्यक समायोजन करने के बारे में सरकार को सलाह देना ।

(4) चावल के उत्पादन के संबंध में छोटे तथा सीमान्त किसानों की विशेष आवश्यकताओं पर विचार करना तथा उन्हें पूरा करने के लिए उपयुक्त उपाय सुझाना;

(5) अनुसंधान और चावल विकास के कार्यक्रमों के बीच समन्वय करना तथा चावल की क्वालिटी और उसकी उत्पादकता में सुधार लाने की आवश्यकताओं के संबंध में सलाह देना, और

(6) समय-समय पर आवश्यक समझे जाने वाले अन्य ऐसे सम्बद्ध मामलों पर सरकार को सलाह देना ।

3. परिषद को विशिष्ट मुद्दों पर कार्यवाही करने के लिए स्थाई ,समिति तकनीकी समिति और तदर्थ समिति नियुक्त करने और आवश्यकतानुसार विशिष्ट प्रयोजनों के लिए कृषि विश्वविद्यालययों तथा अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में सहयोजित करने का अधिकार होगा ।

4. इस परिषद की उन क्षेत्रों में जहां चावल पैदा होता है, अनुसंधान व्यापार और उद्योग के महत्वपूर्ण केन्द्रों में समय-समय पर बैठकें हुआ करेगी और परिषद भारत सरकार को अपनी सिफारिश पेश करेगी ।

5. परिषद तब तक कार्य करती रहेगी जब तक कि उसे भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा समाप्त न कर दिया जाए । परिषद के अध्यक्ष तथा अन्य गैर-सरकारी सदस्यों का सेवाकाल परिषद में उनके नामजद होने की तारीख से तीन वर्ष का होगा । यह अवधि भारत सरकार के विशिष्ट आदेश से घटाई या बढ़ाई जा सकेगी ।

6. संसद सदस्यों में से नामजद किए जाने वाले परिषद के ऐसे सदस्यों की सदस्यता उनके संसद सदस्य न रहने पर स्वतः समाप्त हो जायेगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों, भारत सरकार के मंत्रालयों, योजना, आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री का कार्यालय, लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय को भेज दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सार्वजनिक जानकारी के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

कृष्ण चन्द्र आचार्य,
अपर सचिव

---

शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 14 सितम्बर 1982

संकल्प

सं० एफ० 1-1/80-पी० एन०-2—1. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड पिछली बार वर्ष 1975 में गठित किया गया था । पिछले बोर्ड का कार्यकाल 31 मार्च, 1978 को समाप्त हो गया । पिछले कुछ वर्षों शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास हुए हैं । संविधान की 7 वीं अनुसूची में की समवर्ती सूची में लाये जाने के कारण शिक्षा एक उल्लेखनीय विषय है । प्राथमिक शिक्षा को व्यापक बनाना तथा प्रौढ़ निरक्षरता का उन्मूलन करना नए 20-सूत्री कार्यक्रम के मुख्य लक्ष्यों में से है । शिक्षा, रोजगार तथा विकास आपस में पहले की अपेक्षा अधिक निकट होते जा रहे हैं । इस सन्दर्भ में सरकार महत्वपूर्ण शैक्षिक मामलों पर सलाह देने के लिए एक व्यापक आधारित राष्ट्र स्तरीय सलाहकार बोर्ड की आवश्यकता है । तदनुसार, भारत सरकार ने केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड का तत्काल पुनर्गठन करने का निर्णय किया है ।

अनुलग्नक

2. बोर्ड, केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र को किसी शैक्षिक प्रश्न पर या तो अपने आप ही या अनुरोध करने पर, सलाह दे सकता है। इस कार्य को पूरा करने के लिये, बोर्ड भारत के लिए विशेष रुचि तथा महत्व की शैक्षिक घटनाओं के सम्बन्ध में देश के अन्दर या देश से बाहर किसी सरकार, संस्था अथवा संगठन से सूचना या टिप्पणियां मंगा सकता है।

3. बोर्ड का गठन इस संकल्प के अनुबन्ध में दी गई व्यवस्था के अनुसार होगा।

4. (क) कार्यकाल : बोर्ड के पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष होगा। जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो कार्यकाल इस सम्बन्ध में जारी की गई अधिसूचना की तारीख से लागू होगा।

(ख) आकस्मिक रिक्त स्थान : (1) पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य सदस्यों के सभी आकस्मिक रिक्त स्थान उस प्राधिकारी अथवा निकाय द्वारा भरे जायेंगे, जिन्होंने उस सदस्य को नामजद अथवा चुना था जिसका पद रिक्त हुआ है। (2) आकस्मिक रिक्त स्थान के लिए नामजद/चुना गया व्यक्ति बोर्ड का सदस्य उस शेष अवधि के लिए रहेगा, जिस अवधि तक वह सदस्य, जिसके स्थान पर उसे चुना गया है, सदस्य बना रहता।

(ग) बैठकें : साधारणतया, बोर्ड की बैठक प्रतिवर्ष एक बार होगी। तथापि, बोर्ड की दो बैठकों के बीच दो वर्ष से अधिक का अन्तराल नहीं होगा।

(घ) कार्यसूची : (1) कार्यसूची, व्याख्यात्मक ज्ञापन और कार्यवाही/कार्यवृत्त के रिकार्ड शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाए जायेंगे और परिचालित किए जाएंगे। (2) कार्यसूची और व्याख्यात्मक ज्ञापन सभी सदस्यों को बोर्ड की बैठक से 15 दिन पहले परिचालित किये जाएंगे।

(ङ) कोरम : बोर्ड की बैठक का कोरम बोर्ड की कुल सदस्यता का दो-तिहाई होगा।

(च) कार्यपद्धति : जिन मामलों के लिए उपर कोई पद्धति नहीं बनाई गई है उनके सम्बन्ध में बोर्ड अपनी कार्यपद्धति अपनाएगा ;

(छ) समितियां : (1) अपने कार्य को शीघ्रातिशीघ्र निपटाने अथवा जिन मामले में विशेषज्ञों की राय की आवश्यकता है उस पर विचार करने के लिए बोर्ड उन व्यक्तियों/विशेषज्ञों की स्थायी और तदर्थ समितियां नियुक्त कर सकता है, जो बोर्ड के सदस्य नहीं हैं।

(2) इस प्रकार की स्थायी और तदर्थ समितियों के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध बनाए रखने के लिए बोर्ड ऐसे दो व्यक्तियों को इन समितियों का सदस्य नामित करेगा, जो बोर्ड के सदस्य हैं।

(3) इस प्रकार की प्रत्येक समिति में साधारणतया: आठ से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जिनमें, बोर्ड द्वारा इन समितियों में नामित बोर्ड के सदस्य भी शामिल हैं।

(ज) केवल कार्य-पद्धति सम्बन्धी किसी त्रुटि अथवा सदस्यता की किसी भी श्रेणी के अन्तर्गत खाली स्थान होने के आधार पर बोर्ड की कोई कार्यवाही अवैध नहीं होगी।

एस० रामामूर्ति, संयुक्त सचिव

अनुलग्नक

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड का गठन निम्नलिखित के अनुसार होगा :—

| | संख्या |
|---|---|
| 1. अध्यक्ष : केन्द्रीय शिक्षा मंत्री | 1 |
| 2. भारत सरकार के प्रतिनिधि सदस्य (शिक्षा) योजना आयोग | 1 |
| 3. राज्य सरकारों के प्रतिनिधि : प्रत्येक राज्य से शिक्षा-प्रभारी मंत्री | 22 |
| 4. संघ शासित क्षेत्रों के प्रतिनिधि : जहां विधान सभा है उस प्रत्येक संघ शासित प्रदेश का शिक्षा-प्रभारी मंत्री। (अरुणाचल प्रदेश, गोवा दमन और दीव, मिजोरम और पांडिचेरी) | 4 |
| 5. चुने गए सदस्य : लोक सभा से दो संसद सदस्य और राज्य सभा से एक संसद सदस्य | 3 |
| 6. पदेन सदस्य : | |
| (क) अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली। | 1 |
| (ख) निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली। | 1 |
| (ग) निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली | 1 |
| (घ) निदेशक, प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, नई दिल्ली। | |
| 7. नामजद सदस्य : भारत सरकार द्वारा नामजद किए जाने वाले 11 शिक्षाविद | 11 |
| 8. सदस्य-सचिव : सचिव, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली। | 1 |
| | 47 |

विशेष आमंत्रित :

1. सचिव, गृह मंत्रालय
2. सचिव, समाज कल्याण मंत्रालय
3. सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
4. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
5. अपर सचिव, संस्कृति विभाग।
6. शिक्षा सलाहकार (तकनीकी)
7. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, आयुक्त।
8. शिक्षा और संस्कृति विभागों और स्वायत्त संगठनों के प्रमुख निम्नलिखितों के प्रतिनिधि :
9. भारतीय विश्वविद्यालय संघ।
10. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद।
11. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद।
12. भारतीय चिकित्सा परिषद्।
13. महानिदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं।
14. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड।

## शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 31 अगस्त 1982

### संकल्प

सं० एफ० 6-2/82/डी-1(एल०)—हिन्दी शिक्षा समिति का पिछली बार पुनर्गठन इस मंत्रालय के संकल्प संख्या एफ-7-2 (11)/80-डी० 1 (एन), दिनांक 21 अप्रैल, 1981 द्वारा किया गया था। समिति का पुनर्गठन एतद्-द्वारा आगे निम्न प्रकार किया जाता है :—

1. गठन

| | |
|---|---|
| 1. उप-शिक्षा तथा संस्कृति मंत्री | अध्यक्ष |
| 2. अध्यक्ष द्वारा लोक सभा के चार नामजद सदस्य :— | |
| (i) श्री आर० एस० | |
| (ii) श्री आर० एन० राकेश | |
| (iii) श्री जय नारायण रोट | |
| (iv) श्री प्रभु नारायण टंडन | सदस्य |
| 3. अध्यक्ष द्वारा राज्य सभा के दो नामजद सदस्य :— | |
| (i) श्री सुधाकर पांडे | |
| (ii) श्री सत्यपाल मलिक | सदस्य |
| 4. अपर सचिव | सदस्य |
| 5. सचिव, राजभाषा विभाग | सदस्य |
| 6. शिक्षा विभाग में भाषा प्रभारी संयुक्त सचिव/ संयुक्त शिक्षा सलाहकार | सदस्य |
| 7. अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली | सदस्य |
| 8. अहिन्दी भाषी राज्यों की सरकारों का नामजद एक-एक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 9. निम्नलिखित स्वैच्छिक हिन्दी संगठनों का एक-एक प्रतिनिधि : | |
| (i) अखिल भारतीय हिन्दी संस्था संघ, नई दिल्ली | |
| (ii) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास | |
| (iii) हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद | |
| (iv) महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पूना | |
| (v) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गोहाटी | |
| (vi) हिन्दी शिक्षक संघ डेगरापारा, कटक, उड़ीसा | |
| (vii) उत्तर पूर्वांचल राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ईटानगर | |
| (viii) जे० एंड के० राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, श्रीनगर, | |
| (ix) मणिपुर राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, इम्फाल | |
| (x) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद । | |
| 10. तीन विख्यात हिन्दी अध्येता | सदस्य |
| (i) डा० डी० एस० द्विवेदी, भाषा विज्ञान विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र । | |
| (ii) डा० एस० रमन नायर, हिन्दी विभाग, कोचीन विश्वविद्यालय । | |
| (iii) डा० जय कृष्ण, 61, सिविल लाइन्स, रुड़की । | |
| 11. दो भाषा-विज्ञान विशेषज्ञ | सदस्य |
| (i) डा० अशोक केलकर, निदेशक, उच्च अध्ययन तथा भाषा-विज्ञान केन्द्र, दक्कन कालेज, पूना । | |
| (ii) डा० विद्या निवास मिश्र, निदेशक, के० एम० हिन्दी तथा भाषा विज्ञान संस्थान, आगरा । | |
| 12. शिक्षा विभाग में हिन्दी के प्रभारी निदेशक/ उप सचिव/उप-शिक्षा सलाहकार | सदस्य सचिव |

स्थायी आमंत्रित व्यक्ति :

(i) निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली ।

(ii) निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा ।

कार्यकाल :

समिति के सदस्यों का कार्यकाल मूल रूप से 31 दिसम्बर, 1983 तक होगा बशर्ते कि :

(i) धारा 3 और 4 के अन्तर्गत नामजद को भी सदस्य, संसद में अपनी सदस्यता समाप्त होते ही, इस समिति का भी सदस्य नहीं रहेगा;

(ii) समिति के पदेन सदस्य तब तक ही समिति के सदस्य बने रहेंगे जब तक वे अपने उस पद पर बने रहते हैं जिसकी वजह से वे इस समिति के सदस्य हैं;

(iii) अन्य नामजद सदस्य अपने-अपने पदों पर तब तक बने रहेंगे जब तक भारत सरकार चाहेगी ।

(iv) यदि किसी सदस्य के त्यागपत्र, मृत्यु, आदि के कारण समिति में कोई पद रिक्त होता है तो ऐसे रिक्त पद पर नियुक्त सदस्य समिति के शेष कार्यकाल तक ही उक्त पद पर रह सकेगा ।

गणपूर्ति :

समिति की बैठकों की गण पूर्ति के लिये समिति के कुल सदस्यों में से 1/3 सदस्य होंगे ।

कार्य :

समिति देश में हिन्दी के प्रसार तथा विकास सम्बन्धी नीति के मामलों पर भारत सरकार को सलाह देगी ।

कार्यकारिणी उप-समिति :

समिति एक कार्यकारिणी उप-समिति नियुक्त कर सकती है ताकि समिति अपने विभिन्न कार्यों को कारगर ढंग से पूरा कर सके । सामान्यतः उप समिति में 15 से अधिक सदस्य नहीं होंगे जो अध्यक्ष द्वारा नामजद किए जायेंगे । समिति का उप-अध्यक्ष उप समिति को अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा । उप-समिति के अध्यक्ष को या तो समिति के सदस्यों में से ही अथवा बाहर से उन व्यक्तियों को जो, देश में हिन्दी के प्रसार तथा विकास की समस्याओं का विशेष ज्ञान तथा अनुभव रखते हों, सहयोजित करने का अधिकार प्राप्त होगा ।

### आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रतिलिपि सभी अहिन्दी भाषी राज्यों, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में सामान्य सूचना के लिये प्रकाशित कर दिया जाए।

के० बी० खुल्लर
उप-सचिव (भाषाएं)

समाज कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 सितम्बर 1982

संकल्प

सं० पी० 11011/1/81-पी० आर०—इस मंत्रालय के दिनांक 18 जुलाई, 1982 के संकल्प संख्या पी० 11011/8/77 पी० आर० के अधिक्रमण में केन्द्रीय मद्यनिषेध समिति के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया है। पुनर्गठित समिति निम्नानुसार गठित की जायेगी :—

| | |
|---|---|
| 1. राज्य मंत्री, समाज कल्याण मंत्रालय | अध्यक्ष |
| 2. राज्य मंत्री, गृह मंत्रालय | सदस्य |
| 3. राज्य मंत्री, उद्योग मंत्रालय | सदस्य |
| 4. राज्य मंत्री, वित्त मंत्रालय | सदस्य |
| 5. राज्य मंत्री, रसायन और उर्वरक मंत्रालय | सदस्य |
| 6. राज्य मंत्री, पर्यटन मंत्रालय | सदस्य |
| 7. उप मंत्री, समाज कल्याण मंत्रालय | सदस्य |
| 8. उप मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | सदस्य |
| 9. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, आन्ध्र प्रदेश, हैदराबाद | सदस्य |
| 10. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, असम, दिसपुर | सदस्य |
| 11. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, बिहार, पटना | सदस्य |
| 12. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, गुजरात, गांधी नगर | सदस्य |
| 13. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, हरियाणा, चण्डीगढ़ | सदस्य |
| 14. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, हिमाचल प्रदेश, शिमला | सदस्य |
| 15. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, जम्मू और कश्मीर | सदस्य |
| 16. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, कर्नाटक, बंगलौर | सदस्य |
| 17. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, केरल, त्रिवेन्द्रम | सदस्य |
| 18. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, मध्य प्रदेश, भोपाल | |
| 19. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, महाराष्ट्र, बम्बई | सदस्य |
| 20. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, मेघालय, शिलांग | सदस्य |
| 21. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, मणिपुर, इम्फाल | सदस्य |
| 22. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, नागालैण्ड, कोहिमा | सदस्य |
| 23. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, उड़ीसा, भुवनेश्वर | सदस्य |
| 24. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, पंजाब, चण्डीगढ़ | सदस्य |
| 25. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, राजस्थान, जयपुर | सदस्य |
| 26. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, सिक्किम, गंगटोक | सदस्य |
| 27. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, तमिलनाडु, मद्रास | सदस्य |
| 28. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, त्रिपुरा, अगरतल्ला | सदस्य |
| 29. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, उत्तर प्रदेश, लखनऊ | सदस्य |
| 30. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, पश्चिम बंगाल, कलकत्ता | सदस्य |
| 31. मुख्य आयुक्त, अण्डमान व निकोबार, द्वीप समूह, पोर्ट ब्लेयर | सदस्य |
| 32. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, अरुणाचल प्रदेश, इटानगर | सदस्य |
| 33. मुख्य आयुक्त, चण्डीगढ़ प्रशासन, चण्डीगढ़, | सदस्य |
| 34. प्रशासक, दादरा और नगर हवेली प्रशासन, सिलवासा | सदस्य |
| 35. प्रभारी कार्यकारी पार्षद्, मद्य निषेध, दिल्ली (इस समय कार्यकारी परिषद के काम दिल्ली के उप-राज्य पाल द्वारा किए जा रहे हैं ) | सदस्य |
| 36. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, गोवा, दमन और दीव, पणजी | सदस्य |
| 37. प्रशासक, लक्षद्वीप प्रशासन, कावरत्ती, बाया मुख्य डाकघर कालीकट | सदस्य |
| 38. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, मिजोरम, ऐजल | सदस्य |
| 39. प्रभारी मंत्री, मद्य निषेध, पाण्डिचेरी, पाण्डिचेरी | सदस्य |
| पदेन सदस्य | |
| 40. महा निदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली | |
| 41. महा निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, नई दिल्ली | |
| 42. गृह सचिव.....भारत सरकार | |
| 43. उद्योग सचिव.....भारत सरकार | |
| 44. शिक्षा सचिव.....भारत सरकार | |
| 45. स्वास्थ्य सचिव.....भारत सरकार | |
| 46. सचिव, समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार | |
| 47. संयुक्त सचिव, समाज कल्याण मंत्रालय, मद्य निषेध प्रभारी | सदस्य सचिव |
| गैर सरकारी सदस्य : | |
| 48. श्री शंकर प्रसाद मिश्रा, संसद सदस्य | |
| 49. श्रीमती कृष्णा साही, संसद सदस्य | |
| 50. न्यायमूर्ति, वी० आर० कृष्णा अय्यर, 554, अन्ना सलाई, टेनाम्पेट, मद्रास-600018 | |

51. श्री वी० पद्मानाभन,
प्रबन्धक न्यासी,
गांधी ग्राम न्यास,
गांधी ग्राम पोस्ट-624302
मदुरै, जिला (तमिलनाडु)

52. श्री जिनाभाई दारजी,
कार्यकारी अध्यक्ष,
20 सूत्री व अन्य आर्थिक कार्यक्रम समिति,
सचिवालय, गांधीनगर-382010 (गुजरात)

53. डा० (श्रीमती) माधुरी आर० शाह,
अध्यक्ष,
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,
बहादुरशाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002

54. श्री हामिद हुसैन,
16, तुलसीदास मार्ग,
लखनऊ (उ० प्र०)

55. डा० वी० मोहन,
एसोसिएट प्रोफेसर,
मनोचिकित्सा विभाग,
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
नई दिल्ली-110029

56. श्रीमती सरोजिनी बरदाप्पन,
अध्यक्ष,
वीमन्स इंडिया एसोसिएशन,
43, ग्रीनवेज रोड,
मद्रास-28

57. श्री लवणम्,
निदेशक,
एथीइस्ट सेंटर,
बैन्ज सरकल, विजयवाड़ा-520006 (आन्ध्र प्रदेश)

58. श्रीमती डी० के० भण्डारी,
अध्यक्षा,
सिक्किम राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड,
काजी रोड, गंगटोक,
(सिक्किम)

59. कुमारी निर्मला देशपान्डे
13, साउथ एवेन्यू,
नई दिल्ली-110011

कार्य : 1. विभिन्न राज्यों में मद्य निषेध नीति और मद्य निषेध की प्रगति की आवधिक समीक्षा करना;

2. मद्य निषेध की नीति को अमल में लाने में राज्यों के सामने आने वाली कठिनाइयों का अध्ययन करना तथा उन कठिनाइयों को दूर करने के लिए उपयुक्त उपायों का सुझाव देना;

3. जिन क्षेत्रों में मद्य निषेध लागू है और जिन क्षेत्रों में यह लागू नहीं है, उन दोनों में ही मद्य निषेध के हक में प्रचार को तेज करने के लिये उपायों का सुझाव देना;

4. नीचे दिए गए विषयों के सम्बन्ध में मद्य निषेध और विशेषकर मदात्यय के आर्थिक और सामाजिक तात्पर्यों के बारे में वैज्ञानिक अनुसंधान और सांख्यिकी अध्ययनों को बढ़ावा देना;

(क) एल्कोहल वाले पेयों और मादक द्रव्यों के उत्पादन में इस समय प्रयोग होने वाले कच्चे माल के वैकल्पिक आर्थिक उपयोग;

(ख) मद्य निषेध को लागू करने से जिन परिवारों के रोजगार के वर्तमान जरिए समाप्त हो जायेंगे, उनका पुनर्वास; तथा

5. निम्नलिखित कार्यों में लगी सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों बढ़ावा देने और उनकी सहायता करने हेतु उपयुक्त उपायों की सिफारिश करना;

1. मद्य निषेध और मद्य त्याग का प्रचार;

2. एल्कोहल और शराब के व्यसनियों की देखभाल और पुनर्वास;

3. मद्य निषेध से सम्बन्धित समस्याओं के बारे में वैज्ञानिक अनुसंधान ।

समिति का कार्यकाल :

समिति का कार्यकाल 3 वर्ष होगा अर्थात् 30 सितम्बर, 1985 तक।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति समिति के सभी सदस्यों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग तथा राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के मुख्य सचिवों को प्रेषित की जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

वेद मारवा
संयुक्त सचिव

---

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

नौवहन महानिदेशालय

बम्बई-1, दिनांक 13 सितम्बर 1982

संकल्प

सं० 38-एस० एच० (2)/81—भारत सरकार के भूतपूर्व परिवहन मंत्रालय के संकल्प सं० 55-एम०ए० (5)/52, दिनांक 8 मई, 1954 यथा समय-समय पर संशोधित के साथ पठित नौवहन और परिवहन मंत्रालय के संकल्प सं० 55-एम०ए० (1)/71, दिनांक 15-3-1974 के अनुसरण में नौवहन महानिदेशक नौवहन और परिवहन मंत्रालय के पत्र सं० 1-एम०डी०एस० (28)/76-एमए, दिनांक 15-10-76 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मद्रास पत्तन में विशेष व्यापार वाली कल्याण समिति का गठन करने के

लिए निम्नलिखित सदस्यों को इस संकल्प की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त करते हैं :—

| | |
|---|---|
| 1. प्रधान अधिकारी<br>जल परिवहन विभाग<br>मद्रास | अध्यक्ष |
| 2. आप्रवासी प्रतिशासक,<br>मद्रास | शासकीय सदस्य |
| 3. पुलिस उपायुक्त<br>कानून व्यवस्था<br>मद्रास शहर | ,, |
| 4. यातायात उप प्रबन्धक 1<br>मद्रास पोर्ट ट्रस्ट<br>मद्रास | ,, |
| 5. पत्तन स्वास्थ्य अधिकारी<br>मद्रास | ,, |
| 6. राज्य पत्तन अधिकारी,<br>मद्रास | ,, |
| 7. सहायक सीमा शुल्क समाहर्ता,<br>प्रीवेंटिव विभाग, मद्रास, | ,, |
| 8. श्री आर० प्रभु, संसद सदस्य<br>6/34, रेसकोर्स, रोड, कोइम्बटूर 18<br>(तमिलनाडु) | अशासकीय सदस्य |
| 9 श्री एन० विजयबालन,<br>विधान सभा सदस्य,<br>18, लथीफ कालोनी,<br>सेम्बनार कोइल,<br>मयूरम तालुक, (तमिलनाडु) | ,, |
| 10. श्री एस० बालाएह, एम० ए० बी० एल०,<br>नं० 195, रामप्पा चट्टी स्ट्रीट,<br>मद्रास (तमिलनाडु) | ,, |
| 11 श्रीमती सुशीला पद्मानाभन्,<br>नं० 45, बसुला रोड, टी० नगर,<br>मद्रास (तमिलनाडु) | ,, |
| 12. श्री एम० कृष्णस्वामी, बी० ए० बी० एल०,<br>एडवोकेट और समाजसेवक,<br>11 कार्यालय डेंकटाचल मुदली, स्ट्रीट,<br>मद्रास-600 005 (तमिलनाडु) | ,, |
| 13. श्री एस० एम० कृष्णन, एम० ए०,<br>पत्तन और डाक व्यापार श्रमिक यूनियन,<br>और समाज सेवक,<br>10 श्रीनिवास रोड,<br>मद्रास-600 017 (तमिलनाडु) | ,, |
| 14. श्री के० के० गजपथी,<br>समाज और लोक सेवक,<br>(मछली मार समुदाय)<br>नं० 203-डब्ल्यू, 23 क्रास, स्ट्रीट,<br>इंदिरानगर, मद्रास-600 020<br>तमिलनाडु | ,, |
| 15. श्री आर० श्रीनिवासन, कोषाध्यक्ष,<br>मद्रास कृषक समाज | अशासकीय सदस्य |
| 16. श्री पी० के० डेविड, महा सचिव,<br>अ० और नि० जिला कांग्रेस (आई), समिति,<br>पोर्ट ब्लेअर (अ० और नि० द्वीप) | ,, |

---

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति —

1. राष्ट्रपति के निजी और सैनिक सचिव, नई दिल्ली
2. प्रधान मंत्री के सचिवालय, नई दिल्ली
3. लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली (10 प्रतियों सहित),
4. मंत्री मंडल सचिवालय, नई दिल्ली ,
5. अध्यक्ष, योजना आयोग, नई दिल्ली,
6. नौवहन और परिवहन मंत्रालय, नई दिल्ली, (10 प्रतियों सहित)
7. कृषि और सिंचाई मंत्रालय, नई दिल्ली,
8. वाणिज्य, सिविल पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली,
9. संचार मंत्रालय, नई दिल्ली,
10. संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली,
11. रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली,
12. शिक्षा और समाज कल्याण, नई दिल्ली,
13. विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली,
14. वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली,
15. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, नई दिल्ली,
16. गृह मंत्रालय, नई दिल्ली,
17. उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली,
18. सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली
19. श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली,
20. रेल मंत्रालय, नई दिल्ली,
21. पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय, नई दिल्ली,
22. पर्यटन और सिविल विमानन मंत्रालय, नई दिल्ली,
23. निर्माण और आवास मंत्रालय, नई दिल्ली,
24. मुख्य सचिव, आंध्र प्रदेश सरकार, हैदराबाद,
25. मुख्य सचिव, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटा नगर,
26. मुख्य सचिव, असम सरकार, डिसपुर,
27. मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना,
28. मुख्य सचिव, गोवा, दमण, और दिव सरकार, पणजी,
29. मुख्य सचिव, गुजरात सरकार, अहमदाबाद,
30. मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चन्डीगढ़,
31. मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला,
32. मुख्य सचिव, जम्मू और कश्मीर सरकार, श्रीनगर,

33. मुख्य सचिव, कर्नाटक सरकार, बंगलौर,
34. मुख्य सचिव, केरल सरकार, त्रिवेन्द्रम,
35. मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल,
36. मुख्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार, बम्बई,
37. मुख्य सचिव, मेघालय सरकार, शिलांग,
38. मुख्य सचिव, उड़िसा सरकार, भुवनेश्वर,
39. मुख्य सचिव, पंजाब सरकार, चन्डीगढ़
40. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर,
41. मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार, मद्रास,
42. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ,
43. मुख्य सचिव, पश्चिम बंगाल सरकार, कलकत्ता,
44. अध्यक्ष, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट, मद्रास,
45. भारतीय पोत स्वामियों का संगठन, बम्बई,
46. अध्यक्ष और सचिव, राष्ट्रीय बन्दरगाह मंडल, बम्बई,
47. प्रधान अधिकारी, जल परिवहन विभाग, बम्बई,
48. प्रधान अधिकारी, जल परिवहन विभाग, कलकत्ता,
49. प्रधान अधिकारी, जल परिवहन विभाग, मद्रास,
50. अध्यक्ष, और सदस्य, विशेष व्यापार यात्री कल्याण समिति, मद्रास,
51. जन सूचना ब्यूरो, बम्बई,
52. जन सूचना ब्यूरो, नई दिल्ली,

को भेजी जाय।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सर्व साधारण के सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

बी० के० राव, नौवहन महानिदेशक

---

ऊर्जा मंत्रालय

(विद्युत विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 2 सितम्बर 1982

संकल्प

सं० 6/4/82-ट्रान्स—राष्ट्रीय, जल विद्युत निगम लि० (रा० ज० वि० नि०) देश में विद्युत शक्ति उत्पादन केन्द्रों का निर्माण कर रहा है। चूंकि उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड (उ० प्र० क्षे० वि० बो०) को विद्युत प्रणाली के प्रचालन से सम्बन्धित अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लेने होते हैं। अतः बोर्ड की गतिविधियों में घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय जल विद्युत निगम को उपर्युक्त बोर्ड में प्रतिनिधित्व देने का निर्णय किया गया है।

2. तदनुसार, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड के स्थापना सम्बन्धी तत्कालीन सिंचाई और विद्युत मंत्रालय के संकल्प सं० ई० एल० 11-35 (10)/63, दिनांक 12 मार्च, 1964 के पैरा-2 में जिसको समय-समय पर संशोधित किया गया है, उसमें आगे संशोधन करके बोर्ड का पुनर्गठन इस प्रकार किया जाएगा :—

1. विद्युत मंत्री, असम या उनका प्रतिनिधि।
2. विद्युत मंत्री, मणिपुर या उनका प्रतिनिधि ।
3. विद्युत मंत्री, अरुणाचल प्रदेश या उनका प्रतिनिधि।
4. विद्युत मंत्री, त्रिपुरा या उनका प्रतिनिधि।
5. विद्युत मंत्री, मेघालय या उनका प्रतिनिधि ।
6. विद्युत मंत्री, मिजोरम या उनका प्रतिनिधि।
7. मुख्य सचिव, नागालैण्ड, सरकार या उनका प्रतिनिधि।
8. मुख्य अध्यक्ष, असम राज्य बिजली बोर्ड ।
9. अध्यक्ष, मेघालय राज्य बिजली बोर्ड ।
10. अध्यक्ष या प्रबन्ध निदेशक, उत्तर पूर्वी विद्युत शक्ति निगम लि०
11. महाप्रबन्धक (विद्युत), राष्ट्रीय जल विद्युत निगम लि०
12. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि।

बोर्ड के सदस्यों के रूप में राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले क्षेत्र

अपने राज्यों के नामों के वर्णानुक्रम के अनुसार बारी बारी से 1 वर्ष के लिए बोर्ड के अध्यक्ष होंगे।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैण्ड, तथा मिजोरम की राज्य सरकारों, असम और मेघालय, राज्य बिजली बोर्डों, उत्तर पूर्वी, विद्युत शक्ति निगम लिमिटेड, राष्ट्रीय जल विद्युत, निगम लि०, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, प्रधान मंत्री के कार्यालय, राष्ट्रपति के सचिव, योजना आयोग और भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक को सूचित कर दिया जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिये यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

संकल्प

सं० 6/4/82-ट्रान्स—राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि० (रा० सा० वि० नि०) और राष्ट्रीय जल विद्युत निगम लि० (रा० ज० वि० नि०) देश में विद्युत शक्ति उत्पादन केन्द्रों का निर्माण कर रहे हैं। चूंकि पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड (पू० क्षे० वि० बो०) को विद्युत प्रणाली के प्रचालन से सम्बन्धित अनेक मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने होते हैं, बोर्ड की गतिविधियों में घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने के लिए इन्हें उपर्युक्त बोर्ड में प्रतिनिधित्व देने का निर्णय किया गया है।

2. तदनुसार, पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड के स्थापना सम्बन्धी तत्कालीन सिंचाई और विद्युत मंत्रालय के संकल्प सं० ई० एल०-II-35(7)/63, दिनांक 6 मार्च, 1964 के पैरा 2 में जो समय-समय पर संशोधित किया गया है उसमें आगे संशोधन किया जाएगा और बोर्ड का पुनर्गठन इस प्रकार किया जाएगा :—

1. अध्यक्ष, बिहार राज्य बिजली बोर्ड ।
2. अध्यक्ष, दामोदर घाटी निगम।
3. अध्यक्ष, उड़ीसा राज्य बिजली बोर्ड ।
4. अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल राज्य बिजली बोर्ड ।
5., 6. व 7. पश्चिम बंगाल, बिहार तथा उड़ीसा सरकारों द्वारा एक प्रतिनिधि समय-समय पर, यदि कोई हो, नामित किया जा सकता है।
8. प्रबन्ध निदेशक, दुर्गापुर परियोजना लि०

9. अपर मुख्य इंजीनियर, विद्युत, विभाग, सिक्किम सरकार

10. कार्यपालक निदेशक (प्रचालन), राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि०

11. महाप्रबन्धक, (विद्युत), राष्ट्रीय जल विद्युत निगम लि०

12. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण का एक प्रतिनिधि ।

13. सदस्य-सचिव, पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड ।

ऊपर (1) से (4) में बताए गए सदस्य बारी-बारी से एक वर्ष के लिए क्षेत्रीय बिजली बोर्ड के अध्यक्ष होंगे ।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि उपर्युक्त संकल्प बिहार, उड़ीसा, और पश्चिम बंगाल की सरकारों तथा राज्य बिजली बोर्डों, सिक्किम राज्य सरकार, दामोदर घाटी निगम, दुर्गापुर परियोजना लि० राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लि०, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम लि०, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, पूर्वी क्षेत्रीय बिजली बोर्ड, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, प्रधान मंत्री के कार्यालय, राष्ट्रपति, के सचिव, योजना आयोग तथा भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक को भेज दिया जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिये संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एस० रमेश, संयुक्त सचिव

---

## इस्पात और खान मंत्रालय

### नियमावली

नई दिल्ली, दिनांक 9 अक्तूबर 1982

सं. ए-12025/4/82-एम 2.—निम्नलिखित रिक्त पदों को भरने के लिए 1983 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा की नियमावली सिंचाई मंत्रालय की सहमति से सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है:—

वर्ग 1 (भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण, इस्पात और खान मंत्रालय के पद)

(1) भू-विज्ञानी (कनिष्ठ) ग्रुप क और

(2) सहायक भू-विज्ञानी ग्रुप ख

वर्ग II (केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, सिंचाई मंत्रालय के पद) सहायक जल-भू-विज्ञानी ग्रुप ख

1. उम्मीदवार उपर्युक्त पद वर्गों में से किसी एक या दोनों के लिए प्रतियोगी हो सकता है। उसे अपने आवेदन-पत्र में उन पदों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए जिनके लिए वह वरीयता क्रम में विचार किए जाने का इच्छुक है।

जिन पद वर्ग/वर्गों के लिए उम्मीदवार परीक्षा में बैठ रहा है उनके सम्बन्ध में उम्मीदवार द्वारा निर्दिष्ट वरीयताओं के परिवर्तन सम्बन्धी किसी अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक कि इस प्रकार के परिवर्तन से सम्बद्ध अनुरोध रोजगार समाचार में लिखित परीक्षा के परिणाम के प्रकाशन की तारीख के 30 दिन के अन्दर या उससे पहले संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्राप्त न हो जाए।

2. उक्त परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्तियां शुरू में अस्थायी रूप में की जायेंगी। जैसे ही स्थायी रिक्तियां होंगी उम्मीदवार अपनी बारी में स्थायी रूप से नियुक्त कर दिये जायेंगे।

3. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी । अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों के आरक्षण सरकार द्वारा निर्धारित रूप में किए जाएंगे।

4. आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट 1 में निर्धारित रीति से आयोजित की जाएगी ।

परीक्षा कब और कहां होगी, यह आयोग द्वारा निश्चित किया जाएगा ।

5. कोई उम्मीदवार या तो :—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा हो, या

(ग) भूटान की प्रजा हो, या

(घ) भारत में स्थायी निवास के इरादे से 1 जनवरी 1962 से पहले भारत आया हुआ तिब्बती शरणार्थी हो, या

(ङ) भारत में स्थायी निवास के इरादे से पाकिस्तान बर्मा, श्रीलंका, कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य टंजानिया (भूतपूर्व टंगानीका और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों या जाम्बिया, मलावी, जेरे, इथियोपिया और वियतनाम से प्रव्रजन कर आया हुआ मूलतः भारतीय व्यक्ति हो।

किन्तु शर्त यह है कि उपर्युक्त वर्ग (ख), (ग), (घ) और (ङ) से सम्बद्ध उम्मीदवार को सरकार ने पात्रता प्रमाण-पत्र प्रदान किया हो।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है; किन्तु उसे नियुक्ति प्रस्ताव केवल तभी दिया जा सकता है जब भारत सरकार द्वारा उसे आवश्यक पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया हो।

6. (क) इस परीक्षा के उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी 1983 को 21 वर्ष हो चुकी हो किन्तु 30 वर्ष पूरी न हुई हो अर्थात उसका जन्म 2 जनवरी, 1953 से पहले और 1 जनवरी, 1962 के बाद न हुआ हो।

(ख) यदि निम्नलिखित वर्गों के सरकारी कर्मचारी नीचे के कालम-I में उल्लिखित किसी विभाग में नियोजित हैं और यदि वे कालम-II में उल्लिखित समरूपी पद (पदों) हेतु आवेदन करते हैं उनके मामले में ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम 7 वर्ष की छूट दी जाएगी :—

| कालम-I | कालम-II |
|---|---|
| भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण | भू-विज्ञानी (कनिष्ठ) ग्रुप क सहायक भूविज्ञानी, ग्रुप ख |
| केन्द्रीय भू जल बोर्ड | सहायक जल भू-विज्ञानी ग्रुप ख |

(ग) निम्नलिखित स्थितियों में ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में और छूट दी जाएगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक;

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से वस्तुतः विस्थापित व्यक्ति हैं और 1 जनवरी 1964 और 25 मार्च 1971 के बीच की अवधि के दौरान प्रत्यावर्तित होकर भारत आ गया था, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का है और भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से वस्तुतः विस्थापित व्यक्ति है तथा 1 जनवरी, 1964 से 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि के दौरान प्रत्यावर्तित होकर भारत आ गया था, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(4) यदि उम्मीदवार अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित हुआ हो या होकर आया या आने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित हुआ या होकर आया या आने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(6) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा और तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका तथा जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मलावी, जेरे और इथीयोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(7) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का है और भारत मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तथा कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व टांगानिका तथा जंजीबार) से प्रव्रजन कर आया है या जाम्बिया, मलावी, जेरे तथा इथियोपिया से भारत मूल का प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तो अधिक से अधिक 8 वर्ष;

(8) यदि उम्मीदवार बर्मा से 1 जून, 1963 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित होकर आया भारत मूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(9) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और बर्मा से 1 जून, 1963 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित होकर आया भारत मूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(10) शत्रु देश के साथ संघर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा इसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा के कार्मिकों के मामले में अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(11) शत्रु देश के साथ संघर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा इसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा के अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के कार्मिकों के मामले में अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(12) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो) है और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपात प्रमाण-पत्र है और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया है, तो उसके लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(13) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और वियतनाम से वस्तुतः प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो) और ऐसा भी उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपात प्रमाण-पत्र हो और जो वियतनाम से जुलाई 1975 के बाद भारत आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(14) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1983 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 1983 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक;

(15) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जनवरी, 1983 को कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई

शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जनवरी, 1983 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) तथा जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के हैं उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक;

(16) यदि कोई उम्मीदवार तत्कालीन पश्चिमी पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है और भारत में 1 जनवरी, 1971 तथा 31 मार्च, 1973 के बीच की अवधि के दौरान प्रवृजन कर आया है तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(17) यदि कोई उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का है और तत्कालीन पश्चिमी पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है और भारत में 1 जनवरी, 1971 तथा 31 मार्च, 1973 के बीच की अवधि के दौरान प्रवृजन कर आया है तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक।

उपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती ।

**ध्यान दें :—**

(1) जिस उम्मीदवार को नियम 6 (ख) के अधीन परीक्षा में प्रवेश दे दिया गया हो और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी यदि आवेदन-पत्र भेजने के बाद वह परीक्षा से पहले या परीक्षा देने के बाद सेवा से त्याग-पत्र दे देता है या विभाग/कार्यालय द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं। किन्तु आवेदन-पत्र भेजने के बाद यदि उसकी सेवा या पद में छंटनी हो जाती है तो वह पात्र बना रहेगा ।

(2) जो उम्मीदवार अपने विभाग को अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद किसी अन्य विभाग/कार्यालय को स्थानान्तरित हो जाता है वह उस पद (पदों) हेतु विभागीय आयु सम्बन्धी रियायत लेकर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का पात्र रहेगा जिसका पात्र वह स्थानान्तरण न होने पर रहता, बशर्ते कि उसका आवेदन-पत्र विधिवत अनुशंसा सहित उसके मूल विभाग द्वारा अग्रेषित कर दिया गया हो।

7. उम्मीदवार के पास :—

(क) भारत के केन्द्र या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मान्य घोषित किसी अन्य शिक्षा संस्थान से भू-विज्ञान या प्रयुक्त भू-विज्ञान या समुद्र भू-विज्ञान में 'मास्टर' डिग्री, या

(ख) भारतीय खान विद्यालय धनबाद से प्रयुक्त भू-विज्ञान में एसोशिएटशिप का डिप्लोमा,

(ग) कर्नाटक विश्वविद्यालय से खनिज अन्वेषण में एम. एस. सी. डिग्री (केवल भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण) के पदों के लिए ।

(घ) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से जल-भू-विज्ञान में मास्टर डिग्री (केवल केन्द्रीय भू-जल बोर्ड में पदों हेतु)

**नोट 1 :—**यदि उम्मीदवार ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है पर अभी उसे परीक्षा के परिणाम की सूचना न मिली हो तो वह भी इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो वह भी आवेदन कर सकता है। ऐसे उम्मीदवारों को, यदि वे अन्यथा पात्र होंगे तो परीक्षा में बैठने दिया जाएगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अनन्तिम मानी जाएगी और यदि वे अर्हक परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में 30 जुलाई, 1983 तक प्रस्तुत नहीं करते तो वह अनुमति रद्द की जा सकता है।

**नोट 2 :—**विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी शैक्षिक दृष्टि से योग्य मान सकता है जिसके पास इस नियम में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो, बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार का परीक्षा में प्रवेश उचित ठहर सके ।

**नोट 3 :—**जिस उम्मीदवार ने अन्यथा अर्हता प्राप्त कर ली है, किन्तु उसके पास विदेशी विश्वविद्यालय की डिग्री है, तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और उसे आयोग की विवक्षा पर परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है।

8. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के पैरा 6 में निर्धारित शुल्क का भुगतान अवश्य करना चाहिए।

9. जो व्यक्ति पहले से ही सरकारी नौकरी में आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी से इतर स्थायी या अस्थायी हैसियत से या कार्य प्रभारित कर्मचारियों की हैसियत से काम कर रहे हैं या जो सार्वजनिक उद्यमों में कार्यरत हैं उन्हें यह परिवचन (अण्डरटेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के प्रधान को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से सम्बद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

10. उक्त परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

11. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो।

12. जिस उम्मीदवार ने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति के छद्म रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रलेख या ऐसे प्रलेख प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों में फेरबदल किया गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में उम्मीदवारी के सम्बन्ध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, अथवा

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, अथवा

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, अथवा

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, अथवा

(11) उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ जारी किसी अनुदेश का उल्लंघन किया हो।

(12) पूर्वोक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य को करने का प्रयास किया हो या करने की प्रेरणा दी हो, जैसी भी स्थिति हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) चलाया जा सकता है और इसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन से,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से

वारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अन्तर्गत पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है। किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक

(1) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा उन्मत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

13. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में आयोग द्वारा अपनी विवेक्षा पर निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं उन्हें व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा :

परन्तु यदि आयोग के मतानुसार सामान्य स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों के भरने के लिए इन जातियों के उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षा के लिए साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाये जा सकते हैं तो आयोग उनको स्तर में छूट देकर व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुला सकता है।

14. परीक्षा के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से दिये गये कुल प्राप्तांकों के आधार पर उनके योग्यता क्रम के अनुसार उनके नामों की सूची बनायेगा और इस परीक्षा का परिणाम निकलने पर जितनी अनारक्षित खाली जगहों पर भर्ती करने का फैसला किया गया हो उतने ही ऐसे उम्मीदवारों को योग्यता क्रम के अनुसार नियुक्त करने के लिए अनुशंसा की जाएगी जो आयोग द्वारा परीक्षा में योग्य पाये गये हों।

परन्तु यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन-जातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटा में कमी पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, नियुक्ति के लिए अनुशंसित किये जा सकेंगे, बशर्ते कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

15. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाये इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षा फल के बारे में कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

16. परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्ति करते समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन-पत्र में विभिन्न पदों के लिये बताये गये वरीयता क्रम पर आयोग द्वारा उचित ध्यान दिया जायेगा।

17. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता है इसके लिये आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से सन्तुष्ट हो जाये कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिये हर प्रकार से उपयुक्त है।

18. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलता पूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद यथास्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जाये, किसी उम्मीदवार के बारे में यह शक हुआ कि वह इन शर्तों को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जायेगी। जिन उम्मीदवारों के नियुक्त किये जाने की संभावना है। केवल उन्हीं की डाक्टरी परीक्षा की जायेगी। डाक्टरी परीक्षा के समय उम्मीदवार शुल्क के रूप में रु. 16.00 का भुगतान मेडिकल बोर्ड को करेंगे।

**नोट :**—निराशा से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी डाक्टरी परीक्षा करा लें। उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले जिन डाक्टरी परीक्षाओं से गुजरना होगा उनके स्वरूप के विवरण और मानक परिशिष्ट 2 में दिये गये हैं। विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिकों को पद विशेष की अपेक्षाओं के अनुसार स्तर में छूट दी जायेगी।

19. जिस व्यक्ति ने

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं माना जायेगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से सन्तुष्ट हो जाये कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के लिए अन्य कारण भी है तो किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दी जा सकती है।

20. इस परीक्षा के माध्यम से जिन पदों के सम्बन्ध में भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट 3 में दिया गया है।

एच. एल. अतरी, अवर-सचिव

## परिशिष्ट 1

1. परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जायेगी :—

भाग 1—नीचे पैरा दो में दिये गये विषयों में लिखित परीक्षा ।

भाग 2—आयोग द्वारा साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों का व्यक्तित्व परीक्षण जो अधिकतम 200 अंकों (देखिये नीचे पैरा 7) का है।

2. लिखित परीक्षा निम्न विषयों में ली जायेगी :—

| विषय | कोड सं० | समय | पूर्णांक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (1) सामान्य अंग्रेजी | 01 | 1½ घंटा | 100 |
| (2) भू-विज्ञान प्रश्न-पत्र I जिसमें सामान्य भू-विज्ञान भू-आकृति विज्ञान, संरचनात्मक भू-विज्ञान, स्तरक्रम विज्ञान और जीवाश्म विज्ञान होंगे | 02 | 3 घंटे | 200 |
| (3) भू-विज्ञान प्रश्न पत्र II, जिसमें क्रिस्टल विज्ञान, खनिज विज्ञान, शैल विज्ञान और भू-रसायन विज्ञान होंगे | 03 | 3 घंटे | 200 |
| (4) भू-विज्ञान प्रश्न-पत्र III, जिसमें भारतीय खनिज निक्षेप, खनिज अन्वेषण, खनिज अर्थशास्त्र और आर्थिक भू-विज्ञान होंगे | 04 | 2 घंटे | 150 |
| (5) जल भू-विज्ञान | 05 | 2 घंटे | 150 |

नोट :—वर्ग 1 और वर्ग 2 के अन्तर्गत पदों के लिए प्रतियोगी उम्मीदवारों को उपर्युक्त सभी विषय लेने होंगे। केवल वर्ग 1 के अन्तर्गत पदों के लिये प्रतियोगी उम्मीदवारों को उपर्युक्त (1) से (4) तक के विषय लेने होंगे और केवल वर्ग 2 के अन्तर्गत पदों के लिए प्रतियोगी उम्मीदवारों को (1) से (3) तथा (5) तक विषय लेने होंगे।

3. सभी विषयों की परीक्षा पूर्णतः 'वस्तु परक' (बहु विकल्प उत्तर) प्रकार की होगी। नमूने के प्रश्नों सहित विवरण के लिए कृपया आयोग के नोटिस के अनुबन्ध 2 पर "उम्मीदवारों को सूचनार्थ विवरणिका" देखिये।

4. परीक्षा का स्तर और पाठ्यचर्या संलग्न अनुसूची के अनुसार होंगे।

5. उम्मीदवारों को उत्तर अपने ही हाथ से लिखने चाहिए । उन्हें उत्तर लिखने के लिए किसी लिखने वाले की सहायता की अनुमति नहीं दी जायेगी ।

6. आयोग परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के लिए अर्हक अंक निश्चित कर सकता है।

7. उम्मीदवार वस्तुपरक प्रश्न पत्रों (परीक्षण पुस्तिकाओं) का उत्तर देने के लिए कैलकुलेटरों का प्रयोग नहीं कर सकते । अतः वे उन्हें परीक्षा भवन में न लाएं ।

8. व्यक्तित्व परीक्षण करते समय उम्मीदवार की नेतृत्व क्षमता, पहल तथा मेधाशक्ति, व्यवहार कुशलता तथा अन्य सामाजिक गुण, मानसिक तथा शारीरिक ऊर्जस्विता, प्रायोगिक अनुप्रयोग की शक्ति और चारित्रिक निष्ठा के निर्धारण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा ।

## अनुसूची

### स्तर और पाठ्यचर्या

अंग्रेजी के प्रश्न पत्र का स्तर ऐसा होगा जिसकी अपेक्षा विज्ञान के स्नातक से की जाती है । भूवैज्ञानिक विषय भारतीय विश्वविद्यालय की एम. एस. सी. डिग्री-स्तर के होंगे और सामान्यतः प्रत्येक विषय में ऐसे प्रश्न रखे जाएंगे जिनसे उम्मीदवारों की विषय की समझ का पता लग सके ।

किसी भी विषय की प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी ।

### (1) सामान्य अंग्रेजी (कोड 01)

अंग्रेजी भाषा की समझ और अभिव्यक्त करने की शक्ति की जांच करने के प्रश्न दिए जायेंगे ।

### (2) भूविज्ञान प्रश्न पत्र 1 (कोड—02)

**क—सामान्य भू-विज्ञान—भू उद्गम**

महाद्वीप और महासागर—उनका विभाजन, विकास और उद्गम । महाद्वीपीय विस्थापन, महासागर विस्तारण और प्लेट विवर्तनिकी की संकल्पना पुराजलवायु और उनकी विशेषता । समस्थिति । पुराचुम्बकत्व । विघटनाभिकता और उसका भू-विज्ञान में अनुप्रयोग । भूकालानुक्रम और भू-काल । भूकम्पविज्ञान और भूगर्भ । भूअभिनति । ज्वालामुखीयता । द्वीप चाप गम्भीर, सागर, खाइयां और मध्य महासागरीय कटक । कोरल रीट्। पर्वतन और महादेश रचना । पर्वतनी चक्र।

**ख—भू आकृति विज्ञान—**भू आकृतिक प्रक्रम लक्षण और उनके प्राचल । भूआकृतिक चक्र और उनका अर्थ निर्वचन । स्थलाकृति और संरचनाओं से इसका सम्बन्ध । मृदा ।

**ग—संरचनात्मक भूविज्ञान—**चट्टानों के भौतिक गुण। विरूपण-भंजन और वलन—उनकी यांत्रिकी। प्राथमिक संरचना। संरेखण, शल्कन और जोड़ । वितल अन्तर्वेधी और लक्षण गुम्बद। संस्तरों के शीर्ष तथा तल की पहचान । विषय विन्यास पटल विरूपण । शैल सविन्यासी विश्लेषण।

**घ—स्तरिकी—**स्तरिकर के सिद्धांत तथा नामपद्धति। विश्व स्तरिकी तथा पुराभूगोल की रूपरेखायें। भूविज्ञान की विभिन्न प्रणालियां के प्ररूप अनुमान। गोंडवाना प्रणाली तथा गोंडवाना महाखण्ड ।

भारतीय उपमहाद्वीप (भारत, पाकिस्तान तथा बंगला देश) की स्तरिकी तथा पुराभूगोल प्रमुख भारतीय शैल समूह में सहसंबंध । भारतीय स्तरिकी में काल विषयक समस्याएं ।

**ङ—पुराभूगोल** (क) जीवाश्म, उनके प्रकार, संरक्षण पद्धति तथा प्रयोग । अकशेरुकियों का आकृति-विज्ञान, वर्गीकरण तथा भूविज्ञान सम्बन्धी इतिहास; प्रवाल; भुजपाद, पटल क्लोम, एमोनाइटीज, जठरपाद, ट्राइलोबाइटीज; शूल चर्मी; ग्रेप्टोलाइटस और फार्मिनीफर्स।

(ख) गोंडवाना तथा शिवालिक प्राणिजात पर बल देते हुए कशरूकियों के प्रमुख समूह। मानक, हाथी तथा घोड़ा का विकास वृत्त।

(ग) गोंडवाना वनस्पति पर बल सहित जीवाश्म वनस्पति तथा इसका महत्व और वितरण।

(घ) सूक्ष्मपुराभूगोल : फोरेमिनीफराइडस के विशेष सन्दर्भ में इसका महत्व, उनकी पारिस्थिति विज्ञान तथा पुरास्थिति विज्ञान।

(3) भूविज्ञान प्रश्न पत्र 2 (कोड 03)

क—क्रिस्टल विज्ञान

क्रिस्टलों के सममिति तत्व तथा वर्गीकरण। प्रक्षेप—गोलीय तथा त्रिविम, 32 क्लास (बिन्दु समूह)। यमलम तथा क्रिस्टल अपूर्णता।

ख—वर्णनात्मक खनिज विज्ञान

खनिजों के भौतिक, रसायनिक, वैद्युत, चुम्बकीय तथा तापीय गुण धर्म। सिलिकेटों की संरचना तथा वर्गीकरण।

आलिवीन ग्रुप, गार्नेट ग्रुप, एमिलाइट ग्रुप और मलिलाइट ग्रुप। जरकान, स्फीन, सिलिमनाइट, एन्डालसाइट, कायनाइट, पुखराज, स्टारोलाइट, बैरिल, कार्डिएराइट, टूरमैलीन। पाइराक्सीन ग्रुप और एम्फिबोल ग्रुप। वोलेस्टोनाइट और रोडोनाइट। अभ्रक समूह, क्लोराइट ग्रुप तथा मृतिका खनिज। फेल्डस्पार ग्रुप, सिलिका मिनरल्स फेल्सपैथाइड ग्रुप। जियोलाइट ग्रुप तथा स्कैपोलाइट ग्रुप। आक्साइड्स, हाइड्रोक्साइड्स कार्बोनेट्स, फास्फेट, हैलाइड्स, सल्फाइट्स तथा सल्फेट्स।

ग—प्रकाशित खनिज विज्ञान

प्रकाशिकी के सामान्य सिद्धांत। प्रकाशिक उप साधन। अपवर्तन, द्विअपवर्तन, विलोप कोण, बहुवर्णता। प्रकाशिक दीर्घवतज, प्रकाशिक अक्षीय कोण। प्रकाशक अभिविन्यास परिक्षेपण। प्रकीर्णन। प्रकाशिक विसंगतियां।

घ—शैलविज्ञान

(1) आग्नेय : स्वरूप संरचना, गठन और वर्गीकरण। ग्रेनाइट—ग्रेनोडायोराइट। साइनाइट—नेफेलाइन साइनाइट। ग्रेबोपेरीडोटाइट-डुनाइट। डालराइट, लैम्प्रोफायर, पैग्माटाइट, एप्लाइट, आर्जोलाइट तथा कार्बोनाटाइट। रियोलाइट, ट्रेकाइट, डैकाइट, एन्डेजाइट तथा बेसाल्ट।

सिलिकेट सिस्टम में प्रावस्था नियम तथा साम्यता। द्विघटक तथा त्रिघटक तन्त्र। क्रिस्टलीकरण क्रम। अभिक्रिया सिद्धांत/ क्रिस्टलीकरण—अनेकता। विभिन्नता। विभिन्नता आरेख। ग्रेनाइट्स, मोनोनिनरलिक तथा क्षारीय शैल, कार्बोनाटाइट्स, पैनाटाइट्स तथा लम्प्रोफायरों का उद्गम।

(2) अवसादी : वर्गीकरण तथा बनावट। अवसादों का मूल। गठन और संरचना। अवसादी शैलों के प्रमुख समूहों का अध्ययन। अवसादों का यांत्रिक विश्लेषण। निक्षेपण की पद्धतियां। पराधारायें तथा द्रोणी विश्लेषण। अवसादों का उद्गम क्षेत्र। विक्षेपणीय पर्यावरण, भारी खनिज तथा उनका महत्व। शिली भवन तथा प्रसंघनन।

(3) कायान्तरित शैल : कायान्तरण के कारण, प्ररूप, नियंत्रण, संरचना, श्रेणी तथा संलक्षण। कायान्तरी विभेदन। तत्वांतरण तथा ग्रेनाइटी भवन। अभिसंरचना, कणिकाश्म, घानोकाइट, ध्रोलाइट्स, शिस्ट, नाईसिसेज और हार्नएम्फिसफेल्स। मेडसा और ओरोजनी के संबंध में कायान्तरण।

ङ—भू-रसायन विज्ञान

अवयवों का अन्तरिक्षी बाहुल्य, पृथ्वी का प्रारम्भिक भू-रासायनिक विभवन, अवयवों का भू-रासायनिक वर्गीकरण, अनुरेख अवयव। जल का भू-रसायन विज्ञान। अवयादों का भू-रसायन विज्ञान, भू-रासायनिक चक्र तथा भू-रासायनिक पूर्वेक्षण के सिद्धांत।

(4) भू-विज्ञान प्रश्न-पत्र-3 (कोड-4)

क—भारतीय खनिज निक्षेप

निम्नलिखित धातु तथा अधातु अयस्कों और खनिजों का भारतीय निक्षेप, जो उनके वितरण, उपस्थिति तथा उद्गम प्रणाली के सन्दर्भ में हो;

(क) तांबा, सीसा, जस्त, एल्युमिनियम, मैगनेशियम, लोहा, मैगनीज, क्रोमियम, सोना, चांदी, टंगस्टेन तथा मोलिब्डेनम।

(ख) अभ्रक, वाल्क्यूलाइट, एस्बेस्टस, बेरीटिस, ग्रेफाइट, जिप्सम, गरिक, मूल्यवान तथा अल्पमूल्य खनिज, उच्चतापसह खनिज, अपघर्षी तथा मत्तिका-शिल्प हेतु खनिज, कांच, उर्वरक, सीमेंट, प्रलेख तथा वर्णन उद्योग निर्माणी पत्थर।

(ग) कोयला, पैट्रोलियम, प्राकृतिक गैस तथा परमाणु ऊर्जा खनिज।

ख—खनिज अन्वेषण

पृष्ठीय तथा अपृष्ठीय अन्वेषण की पद्धतियां, क्षेत्रगत उपस्कर तथा अन्वेषण हेतु क्षेत्रगत परीक्षण; अयस्क निक्षेपों का पता देने वाले निदेश, अयस्क निक्षेपों का प्रतिचयन, आमापन और मूल्यांकन। खनिज अन्वेषण में भू-भौतिक, भू-रासायनिक तथा भूवैदिक सर्वेक्षणों का अनुप्रयोग।

ग—खनिज अर्थशास्त्र

राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था में खनिजों का महत्व। विनिर्माण उद्योगों में विभिन्न खनिजों का प्रयोग। मांग, आपूर्ति और प्रतिस्थापन भारत के प्रमुख खनिजों का उत्पादन तथा मूल्य। खनिज उद्योगों के अन्तर्राष्ट्रीय पहलू। सामरिक, कांतिक और अनिवार्य खनिज। संरक्षण तथा राष्ट्रीय खनिज नीति। खनिज उत्पादन में भारत की स्थिति।

घ—आर्थिक भूविज्ञान

खनिज निक्षेप—रूपण प्रक्रिया, स्थानिकीकरण का नियंत्रण तथा वर्गीकरण। आवश्यक धात्विक तथा अधात्विक खनिजों का अध्ययन, जो उनकी खनिजीयता, उपस्थिति तथा वितरण के सन्दर्भ में किया गया हो।

5. जल-भूविज्ञान (कोड 05)

जल-भूविज्ञान चक्र। भूपर्पटी में जल वितरण। जलीय चक्र में भू-जल आकाशी, मैग्मज और मैग्मीय जल और स्रोतों का उदभव। जलधारी लक्षणों की दृष्टि से शैलों का वर्गीकरण, जल स्तरिकी एकक। भूजल की उपस्थिति के अनुकूल भू-वैज्ञानिक संरचना, भू-जल क्षेत्र। भू-जल भंडार—जल भर, मितजलभृत, अक्वीटार्ड्स। जलभरों का वर्गीकरण।

शैलों के जलवैज्ञानिक गुणधर्म (भू-जल भंडार)—संरध्रता रिक्ति अनुपात, चुम्बकशीलता, पारगम्यता, स्टोरेटिविटी, आपेक्षिक पराभव, आपेक्षिक धारिता, विसरणशीलता। भू-जल भंडार के गुणधर्मों की पहचान की पद्धतियां—कूप पद्धतियों

तथा प्रयोगशाला प्रविधियों के विसर्जन द्वारा चुम्बक शीलता और आपेक्षिक पराभव। स्टोरेटिविटी की पहचान। भू-जल की गति प्रदान करने वाले बल। भू-जल के युति और क्षेयी प्रयोग।

भू-जल अन्वेषण की पृष्ठीय तथा उपपृष्ठीय प्रविधियां—भू-वैज्ञानिक तथा भू-भौतिक—जल संतुलन। भू-जल निष्कर्षण की प्रविधियां (कूप-प्ररूप सर्वाधिक उपज हेतु विभिन्न प्रकार के शैल—क्षेत्रों में कूप-निर्माण की पद्धतियां)। विभिन्न प्रकार के प्रयोगों—घर, उद्योग तथा सिंचाई संबंधी के संदर्भ में भू-जल के रासायनिक लक्षण, जल प्रदूषण।

## परिशिष्ट-2

## उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं। ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों (मेडिकल एक्जामिनर्स) के मार्ग निर्देशन के लिए भी हैं तथा जो उम्मीदवार इन विनियमों में निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता तो उसे स्वास्थ्य परीक्षकों द्वारा स्वस्थ घोषित नहीं किया जा सकता। किन्तु किसी उम्मीदवार को इन विनियमों में निर्धारित मानक के अनुसार स्वस्थ न मानते हुए भी स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड को इस बात की अनुमति होगी कि वह लिखित रूप से स्पष्ट कारण देते हुए भारत सरकार को यह अनुशंसा कर सकें कि उक्त उम्मीदवार को सेवा में लिया जा सकता है और इससे सरकार को कोई हानि नहीं होगी।

यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि भारत सरकार को चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद किसी भी उम्मीदवार को अस्वीकृत या स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा। उन रक्षा सेवाओं के भूतपूर्व विकलांग कर्मचारियों के मामले में पदों की अपेक्षाओं को देखते हुए, स्तर में छूट दी जाएगी।

1. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवारों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की संभावना हो।

2. भारतीय (एंग्लोइण्डियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेरे के परस्पर सम्बन्ध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर सम्बन्ध के आंकड़े सब से अधिक उपयुक्त समझे व्यवहार में लाएं। यदि वजन, कद और छाती के घेरे में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और उसकी छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि में मापा जाएगा :—

वह अपने जूते उतार देगा और उस माप दण्ड (स्टैण्डर्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाय एड़ियों के पांवों के अंगूठों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कंधे मापदंड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (वर्टेक्स आफ दि हैड लेवल) हारिजेंटल बार (आड़ी छड़) के नीचे आए। कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों के भागों में मापा जाएगा।

4. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका इस प्रकार है :—

उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उनकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि इसका ऊपरी किनारा अंसफलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर एंगिल्स) के पीछे लगा रहे और वह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े समतल (हारिजेंटल/प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि फीता अपने स्थान से हट न जाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरी सांस लेने के लिए कहा जाएगा तथा छाती के अधिक से अधिक फैलाव पर सावधानी से ध्यान दिया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा जैसे 84–89, 86–93.5 आदि। माप रिकार्ड करते समय आधी सेंटीमीटर से कम भिन्न (फ्रेक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

ध्यान दें :—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापे जाने चाहिएं।

5. उम्मीदवार का वजन किया जाएगा और यह किलोग्राम में होगा। आधा किलोग्राम या उसका अंश नोट नहीं करना चाहिए।

6. उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जायगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा :—

(1) सामान्य (जनरल) :—किसी रोग या असामान्यता (एबनार्मेलिटि) का पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आंखों की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार को आंखों पलकों अथवा साथ लगी संरचनाओं (कान्टिगुअस स्ट्रक्चर्स) का कोई ऐसा रोग हो जो उसे अब या आगे किसी समय सेवा के लिए अयोग्य बना सकता है, तो उसको अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(2) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्युइटी) :—दृष्टि तीव्रता का निर्धारण करने के लिए दो तरह की जांच की जाएगी। एक दूर की नजर के लिए और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आंख की अलग-अलग परीक्षा की जाएगी।

चश्मे के बिना आंख की नजर (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक मामले में मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल-सूचना (बेसिक इन्फारमेशन) मिल जाएगी।

चश्मे के साथ और चश्मे के बिना तीक्ष्णता का मानक निम्न-निम्नलिखित होगा :—

| | दूर की दृष्टि | | निकट की दृष्टि | |
|---|---|---|---|---|
| | अच्छी आंख | खराब आंख | अच्छी आंख | खराब आंख |
| 35 वर्ष से कम आयु वाले उम्मीदवारों के लिए | 6/9 अथवा 6/6 | 6/9 अथवा 6/12 | 0.6 | 0.8 |

नोट : (1) मायोपिया का कुल परिमाण (सिलेंडर सहित) 4.00 डी. से अधिक नहीं होना चाहिए। हाइपर मेट्रोपिया का कुल परिणाम (सिलेंडर सहित+ 4.00 डी. से अधिक नहीं होना चाहिए।

नोट : (2) फंडस परीक्षा : जहां तक संभव होगा चिकित्सा बोर्ड की विवक्षा पर फंडस परीक्षा की जाएगी और परिणाम रिकार्ड किया जाएगा ।

नोट : (3) कलर विजन :

(1) कलर विजन की जांच जरूरी होगी ।

(2) नीचे दी गई तालिका के अनुसार रंग का प्रत्यक्ष ज्ञान उच्चतर (हायर) और निम्नतर (लोअर) ग्रेडों में होना चाहिए। लो लैटर्न में एपर्चर के आकार पर निर्भर होगा।

| ग्रेड | रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का उच्चतर ग्रेड | रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का निम्नतर ग्रेड |
|---|---|---|
| 1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी | 4.9 मीटर | 4.9 मीटर |
| 2. द्वारक (एपर्चर) का आकार | 1.3 मि० मीटर | 1.3 मि० मीटर |
| 3. उद्भाषण काल | 5 सेकेंड | 5 सेकेंड |

जनता की सुरक्षा से सम्बद्ध सेवाओं के लिए अर्थात पायलेटों, ड्राइवरों, गार्डों आदि कलर विजन का उच्चतर ग्रेड आवश्यक है किन्तु अन्य के लिए कलर विजन का निम्नतर ग्रेड उपयुक्त समझा जाएगा। कलर विजन का यही स्तर समस्त इंजीनियरी कार्मिकों के सम्बन्ध में भी लागू होगा, जिन मामलों में रंग का प्रत्यक्ष ज्ञान आवश्यक हो चाहे उनकी ड्यूटी क्षेत्रगत (फील्ड वर्क) से संबद्ध हो या नहीं।

(iii) लाल संकेत, हरे संकेत और सफेद रंग को आसानी से और हिचकिचाहट के बिना पहचान लेना संतोषजनक कलर विजन है इशिहारा के प्लेटों के इस्तेमाल को जिन्हें एडिज ग्रीन की लैटर्न जैसी उपर्युक्त लैटर्न और उसके रोशनी में दिखाया जाता है कलर विजन करने के लिए बिल्कुल विश्वसनीय समझा जाएगा। वैसे तो दोनों अंखों में से किसी भी एक जांच को साधारण तथा पर्याप्त समझा जा सकता है। लेकिन, सड़क, रेल, और हवाई यातायात से संबंधित सेवाओं के लिए लैटर्न से जांच करना लाजमी है। शक वाले मामले में जब उम्मीदवार को किसी एक जांच करने पर अयोग्य पाया जाए तो दोनों ही तरीकों से जांच करनी चाहिये।

नोट : (4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन) : सम्मुख विधि (कन्फ्रन्टेशन मैथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। अब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब क्षेत्र को प्ररमापी (पैरामीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

नोट : (5) रतौंधी (नाइट ब्लाइन्डनेस) :—केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच नेमी रूप से जरूरी नहीं है । रतौंधी में दिखाई न देने की जांच करने के लिए कोई स्टेंडर्ड टैस्ट निश्चित नहीं है । मेडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिएं जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अंधेरे कमरे में लाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि तीक्ष्णता रिकार्ड करना। उम्मीदवारों के कहने पर ही हमेशा विश्वास नहीं करना चाहिए किन्तु उन पर उचित विचार किया जाना चाहिए :—

नोट : (6) दृष्टि की तीक्ष्णता से भिन्न आंख की दशाएं (आक्युलर कन्डीशन्स) :

(क) आंख को अंग सम्बन्धी बीमारी को या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (रिफ्रैक्टिव एरेर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता से कम होने की संभावना हो, अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ख) रोहे (ट्रकोमा) : रोहे जब तक भयानक न हों साधारणतः अयोग्यता का कारण नहीं समझना चाहिए।

(ग) भेंगापन : जहां दोनों आंखों की दृष्टि का होना जरूरी है भेंगापन अयोग्यता माना जाएगा, चाहे दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की ही क्यों न हो।

(घ) एक आंख वाला व्यक्ति : एक आंख वाले व्यक्ति की नियुक्ति हेतु अनुशंसा नहीं की जाएगी।

7. रक्त दाब (ब्लड प्रेशर) :—

ब्लड प्रेशर के सम्बन्ध में बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा। नार्मल मेक्सीमम सिस्टालिक प्रेशर के आकलन का काम चलाऊ विधि निम्न प्रकार है :—

(1) 15 से 25 वर्ष के युवा व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100 आयु होता है।

(2) 25 वर्ष से ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आकलन मे 110+आधी आयु का सामान्य नियम बिल्कुल संतोषजनक दिखाई पड़ता है।

ध्यान दें :—सामान्य नियम के रूप में 140 एम.एम. के ऊपर सिस्टालिक प्रैशर और 90 एम.एम. के ऊपर डायस्टालिक प्रैशर को संदिग्धत मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को अयोग्य या योग्य ठहराने के सम्बन्ध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखें। अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह भी पता लगाना चाहिए कि घबराहट (एक्साइमेंट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला है या इसका कारण कोई कापिक (आर्गेनिक) बीमारी है। ऐसे सभी मामलों में हृदय का एक्सरे और इलैक्ट्रो-कार्डियोग्राफी जांच रक्त यूरिया निकाय (क्लियरेंस) की जांच भी नमी तौर पर की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दाब) लेने का तरीका :—

नियमित : पारे वाले दाबमापी (मर्करी मानोमीटर) किस्म का उपकरण (इंस्ट्रूमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए। रोगी बैठा या लेटा हो बशर्तें कि वह और विशेष-कर उसकी बांह शिथिल और आराम मे हो। बांह थोड़ी बहुत होरिजंटल स्थिति में रोगी के पार्श्व पर ही तथा उसके कंधे से कपड़ा उतार देने चाहिएं। कफ में से पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अंदर की ओर रख कर और उसके निचले [illegible] कोहनी के मोड़ से एक या दो इंच ऊपर करके [illegible] बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समान रूप से [illegible] चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर को न निकले।

कोहनी के मोड़ पर बाहु धमनी (ब्रेकिअल आर्टरी) को दबा-दबा कर ढूंढा जाता है और तब इसके ऊपर बीचों-बीच स्टेथोस्कोप को हल्के से लाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम.एम.एच.जी. हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रामक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है वह सिस्थालिक प्रैशर दर्शाता है, जब और हवा निकाली जाएगी तो और तेज ध्वनियां सुनाई पड़ेंगी। जिस स्तर पर ये साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनीयां हल्की दबी हुई सी लुप्त प्राय: हो जाएं यह डायस्टालिक प्रेशर है। ब्लड प्रैशर काफी थोड़ी अवधि में ही ले लेना चाहिए क्योंकि कफ के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए क्षोभकारी होता है और इससे रीडिंग गलत होती है। यदि दोबारा पड़ताल करनी जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट के बाद ही ऐसा किया जाए। कभी-कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निश्चित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं; दाब गिरने पर ये गायब हो जाती है तथा निम्न स्तर पर पुन: प्रकट हो जाती है। इस 'साइलेंट गैप' से रीडिंग में गलती हो सकती है।

8. परीक्षक की उपस्थिति में किए गए मूत्र की ही परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रासायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के घातक चिन्ह और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को ग्लूकोज मेह (ग्लाइकोसरिया) के सिवाय, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टैंडर्ड के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है इसका ग्लूकोज मेह अमधुमेही (नान डायबेटिक) है और बोर्ड इस केस को मेडिसन के किसी ऐसे निर्दिष्ट विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला की सुविधाएं हों। मेडिकल विशेषज्ञ स्टैंडर्ड ब्लड शुगर टालेरेंस टैस्ट समेत जो भी क्लिनिकल या लेबोरेटरी परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट मेडिकल बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड का "फिट" "अनफिट" की अंतिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में पूरी देख रेख में रखा जाए।

9. यदि जांच के परिणामस्वरूप कोई महिला 12 हफ्ते उम्मीद या इससे अधिक समय की गर्भवती पायी जाती है तो उसको अस्थाई रूप से तब तक अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए जब तक कि उसका प्रसव पूरा न हो जाए। किसी रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी का स्वस्थता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर, प्रसूती की तारीख के 6 हफ्ते बाद आरोग्य प्रमाण-पत्र के लिए उसकी फिर से स्वस्थता परीक्षा की जानी चाहिए।

10. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए :

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ता है और उसके कान में बीमारी का कोई चिन्ह नहीं है। यदि कोई कान की खराबी हो तो उसकी परीक्षा कान-विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। यदि सुनने की खराबी का इलाज शल्य क्रिया (आपरेशन) या हियरिंग ऐड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता बशर्ते कि कान की बीमारी बढ़ने वाली न हो। यह उपबन्ध भारतीय रेल भंडार सेवा के अलावा अन्य रेल सेवाओं, सेना इंजीनियरी सेवा, तार इंजीनियरी सेवा ग्रुप के तार यातायात सेवा ग्रुप ख, केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क और केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी सेवा ग्रुप पर लागू नहीं है। किस्सा परीक्षा प्राधिकारी के मार्गदर्शन के लिए इस सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी दी जाती है :—

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| (1) | एक कान से प्रकट अथवा पूर्ण बहरापन, दूसरा काम सामान्य होगा। | यदि फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबिल तक हो तो गैरतकनीकी काम के लिए योग्य। |
| (2) | दोनों कानों से बहरेपन का प्रत्यक्ष बोध, जिससे श्रवण यंत्र (हियरिंग ऐड) द्वारा कुछ सुधार संभव हो। | यदि 1000 से 4000 तक की स्पीच-फ्रिक्वेंसी में बहरापन 30 डेसीबिल तक हो तो तकनीकी तथा गैर तकनीकी दोनों प्रकार के काम के लिए योग्य। |
| (3) | सेन्ट्रल अथवा मार्जिनल टाइप के टिमपेनिक मेम्ब्रेन छिद्र। | (i) एक कान सामान्य हो दूसरे काम में टिमपेनिक मेम्ब्रेन में छिद्र हो तो अस्थायी आधार पर अयोग्य।<br>कान की शल्य चिकित्सा की स्थिति सुधारने से दोनों कानों में मार्जिनल या अन्य छिद्र वाले उम्मीदवारों को अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित करके उस पर नीचे दिए गए नियम 4 (ii) के अधीन विचार किया जा सकता है।<br>(ii) दोनों कानों में मार्जिनल या एटिक छिद्र होने पर अयोग्य।<br>(iii) दोनों कानों में से टूल छिद्र होने पर अस्थाई रूप से अयोग्य। |
| (4) | कान के एक ओर से/दोनों ओर से मस्टायड कैविटी से सब-नार्मल श्रवण। | (i) किसी एक कान के सामान्य रूप से एक ओर से मस्टायड कैविटी से सुनाई देता हो दूसरे कान में सब-नार्मल-श्रवण वाले कान/मस्टायड कैविटी होने पर तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कानों के लिए योग्य।<br>(ii) दोनों ओर से मस्टायड कैविटी तकनीकी काम के लिए अयोग्य, यदि किसी भी कान की श्रवणता श्रवण-यंत्र लगाकर अथवा बिना लगाए सुधर कर 30 डेसीबिल हो जाने पर गैर-तकनीकी कानों के लिए योग्य। |
| (5) | बहते रहने वाला कान आपरेशन किया गया/बिना आपरेशन वाला। | तकनीकी तथा गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के कानों के लिए अस्थायी रूप में अयोग्य। |
| (6) | नासापुट की हड्डी संबंधी विषमताओं (डीनी डिफार्मिटी) सहित अथवा उससे रहित नाक की जीर्ण प्रवाहक एलर्जिक दशा। | (i) प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।<br>(ii) यदि लक्षणों सहित नासापुट अपसरण विद्यमान होने पर अस्थायी रूप में अयोग्य। |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| (7) | टॉसिल्स और/अथवा स्वरयंत्र (लैरेन्क्स) की जीर्ण प्रवाहक दशा। | (i) टॉसिल्स और/अथवा स्वरयंत्र की जीर्ण प्रवाहक दशा योग्य। |
| | | (ii) यदि आवाज में अत्यधिक कर्कशता विद्यमान हो तो अस्थायी रूप से अयोग्य। |
| (8) | कान, नाक, गले (ई० एन० टी०) के हल्के अथवा अपने स्थान पर दुर्दम ट्यूमर। | (i) हल्का ट्यूमर—अस्थायी रूप से अयोग्य। |
| | | (ii) दुर्दम ट्यूमर—अयोग्य। |
| (9) | आस्टोकिरोसिस | श्रवण यंत्र की सहायता से या आपरेशन के बाद श्रवणता 30 डेसीबिल के अन्दर होने पर योग्य। |
| (10) | कान, नाक अथवा गले के जन्मजात दोष। | (i) यदि काम काज में बाधक न हो तो योग्य। |
| | | (ii) भारी मात्रा में हकलाहट हो तो अयोग्य। |
| (11) | नेजल पोली | अस्थायी रूप से अयोग्य। |

(ख) उम्मीदवार बोलने में हकलाता/हकलाती नहीं हो।

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में हैं या नहीं, और अच्छी तरह चबाने के लिए जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं। (अच्छी तरह भरे हुए दांतों को ठीक समझा जाएगा)।

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है या नहीं और छाती काफी फैलती है या नहीं तथा उसका दिल या फफड़े ठीक हैं या नहीं।

(ङ) उसे पेट की कोई बीमारी है या नहीं।

(च) उसे रप्चर है या नहीं।

(छ) उसे हाईड्रोसील, बढ़ी हुई बेरिकोसील, वेरिकाज-शिरा (वेन) या बवासीर है या नहीं।

(ज) उसके अंगों, हाथों, और पैरों की बनावट और विकास अच्छा है या नहीं और उसकी ग्रंथियां भली भांति स्वतंत्र रूप से हिलती है या नहीं।

(झ) उसको कोई चिरस्थायी त्वचा की बीमारी है या नहीं।

(ञ) कोई जन्मजात कुरचना या दोष है या नहीं।

(ट) उसमें किसी उग्र या जीर्ण बीमारी के निशान हैं या नहीं जिन से कमजोर गठन का पता लगे।

(ठ) कारगार टीके के निशान हैं या नहीं।

(ड) उसे कोई संचारी (कम्यूनिकेबल) रोग है या नहीं।

11. दिल और फेफड़े की किसी ऐसी विलक्षणता का पता लगाने के लिए जो साधारण शारीरिक परीक्षा से ज्ञात न हो, सभी मामलों में नेमी रूप से छाती की एक्सरे परीक्षा की जानी चाहिए।

जब कोई दोष मिले तो उसे प्रमाण-पत्र में अवश्य ही नोट किया जाए। मेडिकल परीक्षक को अपनी राय लिख देनी चाहिए कि उम्मीदवार से अपेक्षित दक्षतापूर्वक ड्यूटी में इससे बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं।

नोट :—उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि उपर्युक्त सेवाओं के लिए उनकी योग्यता का निर्धारण करने के लिए नियुक्त स्पेशल या स्टैंडिंग मेडिकल बोर्ड के खिलाफ उन्हें अपील करने के लिए कोई हक नहीं है, किन्तु यदि सरकार को प्रथम बोर्ड की जांच में निर्णय की गलती की संभावना के संबंध में प्रस्तुत किए गए प्रमाण के बारे में तसल्ली हो जाए तो सरकार दूसरे बोर्ड के सामने एक अपील की इजाजत दे सकती है। ऐसा प्रमाण उम्मीदवार को प्रथम मेडिकल बोर्ड के निर्णय भेजने की तारीख के एक महीने के अन्दर पेश करना चाहिए वरना दूसरे मेडिकल बोर्ड के सामने अपील करने की प्रार्थना पर विचार नहीं किया जाएगा।

यदि प्रथम बोर्ड के निर्णय की गलती की संभावना के बारे में प्रमाण के रूप में उम्मीदवार मेडिकल प्रमाण पत्र पेश करें तो इस प्रमाण पत्र पर उस हालत में विचार नहीं किया जाएगा जबकि उसमें संबंधित मेडिकल प्रैक्टीशनर का इस आशय का नोट नहीं होगा कि यह प्रमाण पत्र इस तथ्य के पूर्ण ज्ञान के बाद ही दिया गया है कि उम्मीदवार पहले से ही सेवाओं के लिए मेडिकल बोर्ड द्वारा अयोग्य घोषित करके अस्वीकृत किया जा चुका हो।

**मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट**

मेडिकल परीक्षक के मार्ग दर्शन के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है :—

शारीरिक योग्यता (फिटनैस) के लिए अपनाए जाने वाले स्टैन्डर्ड से संबंधित उम्मीदवारों की आयु और सेवा काल (यदि हो) के लिए उचित गुंजाइश रखनी चाहिए।

किसी ऐसे व्यक्ति को पब्लिक सर्विस में भर्ती के लिए योग्य नहीं समझा जाएगा, जिसके बारे में यथास्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी (अपाइंटिंग अथारिटी) की यह तसल्ली नहीं कि उसे ऐसी कोई बीमारी या शारीरिक दुर्बलता (बाडिली इन्फार्मिटी) नहीं है जिससे वह उस सेवा के लिए अयोग्य हो या उसके अयोग्य होने की संभावना हो।

यह बात समझ लेनी चाहिए कि योग्यता का प्रश्न भविष्य में भी उतना ही सम्बद्ध है जितना वर्तमान से है और मेडिकल परीक्षा का एक मुख्य उद्देश्य निरंतर कारगर सेवा प्राप्त करना और स्थायी नियुक्ति के उम्मीदवारों के मामले में अकाल मृत्यु होने पर समय पूर्व पेंशन या अदायगियों को रोकना है। साथ ही यह भी नोट कर लिया जाए कि यहीं प्रश्न केवल निरंतर कारगर सेवा की संभावना का है और उम्मीदवार को अस्वीकृत करने की सलाह इस हाल में नहीं दी जानी चाहिये जबकि उसमें कोई ऐसा दोष हो जो केवल बहुत कम परिस्थितियों में निरंतर कारगर सेवा में बाधक पाया जाता हो।

महिला उम्मीदवार की परीक्षा के लिए किसी लेडी डाक्टर को मेडिकल बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित किया जाएगा।

जो उम्मीदवार भू-विज्ञानी (कनिष्ठ) और सहायक भू-विज्ञानी के पदों पर नियुक्त किये जाएंगे उन्हें भारत में या भारत से बाहर क्षेत्रगत कार्य करना होगा। ऐसे उम्मीदवार के मामले में चिकित्सा बोर्ड को अपना मत स्पष्ट रूप से व्यक्त करना चाहिए कि वह क्षेत्रगत कार्य के लिए योग्य है या नहीं।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट गोपनीय रखनी चाहिए।

ऐसे मामलों में जब कि कोई उम्मीदवार सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य करार दिया जाता है तो मोटे तौर पर उसके अस्वीकार किए जाने के आधार पर उम्मीदवार को बताए जा

सकते हैं। किन्तु मेडिकल बोर्ड ने जो खराबी बताई हो उसका विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जा सकता है।

ऐसे मामलों में जहां मेडिकल बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य बनाने वाली छोटी मोटी खराबी चिकित्सा (मेडिकल या सर्जिकल) दूर हो सकती है वहां मेडिकल द्वारा इस आशय का कथन रिकार्ड किया जाना चाहिए।

नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस बारे में उम्मीदवार को बोर्ड की राय सूचित किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है जब वह खराबी दूर हो जाए तो एक दूसरे मेडिकल बोर्ड के सामने उस व्यक्ति की उपस्थिति होने के लिए कहने में संबंधित प्राधिकारी स्वतंत्र है।

यदि कोई उम्मीदवार अस्थायी तौर पर अयोग्य करार दिया जाए तो दुबारा परीक्षा की अवधि साधारणतया कम से कम छह महीने से कम नहीं होनी चाहिये। निश्चित अवधि के बाद जब दुबारा परीक्षा की जाए तो ऐसे उम्मीदवारों को और आगे की अवधि के लिए स्थाई तौर पर अयोग्य घोषित न कर नियुक्ति के लिए उनकी योग्यता के संबंध में अथवा वे इस नियुक्ति के लिए अयोग्य हैं ऐसा निर्णय अंतिम रूप से दिया जाना चाहिए।

(क) उम्मीदवार का कथन और घोषणा :—

अपनी मेडिकल परीक्षा से पूर्व उम्मीदवारों को निम्नलिखित अपेक्षित स्टेटमेंट देनी चाहिए और उसके साथ लगी हुई घोषणा (डिक्लेरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। नीचे दिए हुए नोट में उल्लिखित चेतावनी की ओर उस उम्मीदवार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

1. अपना पूरा नाम लिखें————————————

(साफ अक्षरों में)

2. अपनी आयु और जन्म स्थान बताएं————————————

3. (क) क्या आप गोरखा, गढ़वाली, असमी, नागालैंड जन जाति आदि में से किसी जाति से संबंधित हैं जिसका औसत कद दूसरों से कम होता है। "हां" या "नहीं" में उत्तर दीजिए। उत्तर हां में हो तो उस जाति का नाम बताइए।

(ख) क्या आपको कभी चेचक, रुक-रुक कर होने वाला या कोई दूसरा बुखार, ग्रंथियां (ग्लैंड्स) का बढ़ना या इनमें पीप पड़ना, थूक में खून आना, दमा, दिल की बीमारी, फेफड़े की बीमारी, मूर्छा के दौरे, रूमटिज्म ऐपेंडिसाइटिस हुआ है?

(ग) क्या दूसरी ऐसी कोई बीमारी या दुर्घटना, जिसके कारण शैय्या पर लेटे रहना पड़ा हो और जिसका मेडिकल या सर्जिकल इलाज किया गया हो, हुई है?

4. आपको चेचक आदि का टीका आखिरी बार कब लगा था?

5. क्या आपको अधिक काम या किसी दूसरे कारण से किसी किस्म की अधीरता (नर्वसनेस) हुई।

6. अपने परिवार के संबंध में निम्नलिखित ब्यौरे दें :—

| यदि पिता जीवित हों तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था | मृत्यु के समय पिता की आयु और मृत्यु का कारण | आपके कितने भाई जीवित हैं, उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था | आपके कितने भाइयों की मृत्यु हो चुकी है, उनकी आयु और मृत्यु का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |

| यदि माता जीवित हो तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था | मृत्यु के समय माता की आयु और मृत्यु का कारण | आपकी कितनी बहनें जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था | आपकी कितनी बहिनों की मृत्यु हो चुकी है, मृत्यु के समय उन की आयु और मृत्यु का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |

7. क्या इसके पहले किसी मेडिकल बोर्ड ने आपकी परीक्षा की है?

8. यदि ऊपर का उत्तर हां में हो तो बताइए किस सेवा/किन सेवाओं के लिए आपकी परीक्षा की गई थी?

9. परीक्षा लेने वाला प्राधिकारी कौन था?

10. कब और कहां मेडिकल बोर्ड हुआ?————————

11. मेडिकल बोर्ड की परीक्षा का परिणाम यदि आपको बताया गया हो अथवा आपको मालूम हो————————

मैं घोषित करता हूं कि जहां तक मेरा विश्वास है, ऊपर दिए गए सभी जवाब सही और ठीक हैं।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

मेरे सामने हस्ताक्षर

किए————

बोर्ड के अध्यक्ष के

हस्ताक्षर————————

नोट :— उपर्युक्त कथन की यथार्थता के लिए उम्मीदवार जिम्मेवार होगा। जानबूझ कर किसी सूचना को छिपाने से वह नियुक्ति खो बैठने की जोखिम लेगा और यदि वह नियुक्त हो भी जाए तो वार्धक्य निवृत्ति भत्ता (सुपरएनुएशन अलाऊंस) या या उपदान (ग्रेचुटी) के सभी दावों से हाथ धो बैठेगा।

(ख)————————(उम्मीदवार का नाम)

शारीरिक परीक्षा की मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट————————

1. सामान्य विकास :———अच्छा———ठीक का————

पोषण : पतला————————औसत————————

मोटा————————को ————————

————————कद (जूते उतारकर) ————वजन

में कोई हाल ही में हुआ परिवर्तन————————

तापमान :————————

छाती का घेर————————

(1) पूरा सांस खींचने पर ————————

(2) पूरा सांस निकालने पर ————————

2. त्वचा—कोई जाहिरी बीमारी ————————

3 नेत्र :—

(1) कोई बीमारी ————————

(2) रतौंधी ————————

(3) कलर विजन का दोष ————————

(4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन) ————————

(5) कंजर की जांच ————————

(6) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्वीटी) ————————

(7) तिमिर संगलन की योग्यता ———————

| दृष्टि की तीक्ष्णता | चश्मे के बिना | चश्मे से | चश्मे की पावर गोल सिलिण्ड्रिकल |
|---|---|---|---|
| दूर की नजर | दा०ने० | | |
| | बा० ने० | | |
| पास की नजर | दा० ने० | | |
| | बा० ने० | | |
| हाईपरमेट्रोपिया (व्यक्त) | दा० ने० | | |

4. कान: निरीक्षण ——————— सुनना

बायां कान ———बायां कान ———

5. ग्रंथियां ——— थाईराइड ———

6. दांतों की हालत ———————

7. श्वसन तंत्र (रेसपीरेटरी सिस्टम)—का शारीरिक परीक्षण करने पर सांस के अंगों से किसी असमानता का पता लगा है। यदि पता लगा है तो असमानता का पूरा ब्यौरा दें———

8. परिसंचरण तंत्र (सरक्यूलिटरी सिस्टम)

(क) हृदय और आंगिक गति (अर्गेनिक लीजम——

गति (रेट) :

खड़े होने पर

25 बार कुदाए जाने के बाद———————

कुदाए जाने के 2 मिनट बाद ———————

(ख) ब्लड प्रैशर ——————सिस्टालिक ———— डायस्टालिक

9. उदर (पेट) घेरा ———————स्पर्शसह्यता

हार्निया ———————

